हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 09.2 डिग्री

12 सिटी बस सेवा दोबारा शुरू करने सीएम के नाम ज्ञापन


12 वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति, मिला सम्मान




### एनजीटी ने 10 से ज्यादा बार भेजा रिमाइंडर, 4 बार निविदा निरस्त, अब शुरू होने जा रहा काम

# 77 एमएलडी के दो एसटीपी मंजूर, 770 लाख लीटर पानी हर दिन साफ कर छोड़ा जाएगा शिवनाथ नदी में

अतुल अग्रवाल ▶▶| दुर्ग

लंबे समय के इंतजार के बाद शिवनाथ नदी को सीवरेज और अन्य निस्तारी के गंदे पानी से मुक्ति मिलने जा रही है। अब शहर के दो प्रमुख नालों शंकरनाला और पुलगांव नाले का गंदा पानी सीधे शिवनाथ नदी में नहीं पहुंचे।

दुर्ग निगम ने इसके लिए दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को मंजूरी दे दी है। पहला 30 एमएलडी क्षमथा का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पुलगांव स्थित एसएलआरएम सेंटर के पास बनेगा, वहीं दूसरा उरला मुक्तिधाम के पास शंकरनाला में स्थापित किया जाएगा। इस पर करीब 129 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। निगम ने इसके लिए 147.93 करोड़ की कार्ययोजना तैयार की थी, लेकिन टेक्निकल कमेटी की रिपोर्ट और निविदा प्रक्रिया के पास 129 करोड़ रुपए में चेन्नई की कंपनी इको प्रोडक्शन को इसका काम दिया गया है। कार्य आदेश जारी कर दिया गया है। एजेंसी 27 महीने में दोनों एसटीपी तैयार करेगी। साथ ही साफ पानी को डिमांड के अनुरूप अन्य संसाधनों को बेचेगी। बता दें कि ट्विनसिटी के सभी प्रमुख नालों के गंदे पानी का ट्रीटमेंट कर इसे उपयोग में लाए जाने की कार्ययोजना 10 साल से सिर्फ कागजों पर चल रही है। भिलाई में खुर्सीपार क्षेत्र के तेल्हा नाले में दो प्लांट लगाए जाने की योजना है, जिसके टेंडर की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। वहीं बीएसपी ने पुरैना और मरोदा क्षेत्र में प्लांट लगाया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के बाद नालों के गंदे पानी को सीधे नदियों तक न पहुंचे, इसे लेकर यह कवायद की जा रही है।

**47 एमएलडी का प्लांट उरला मुक्तिधाम के पास बनेगा, 30 एमएलडी का प्लांट पुलगांव नाले के पास होगा स्थापित**

### साफ किए गए पानी को उद्योगों व रेलवे को कराया जाएगा उपलब्ध

जानकारी के मुताबिक एसटीपी के तैयार होने के बाद साफ पानी को विशेष रूप से उद्योगों, रेलवे को पानी उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं बीएसपी में बीएसपी के अंदर पेयजल की भी आपूर्ति की जाएगी। जिले में पहला ऐसा मौका है, जब इस तरह से 6 ट्रीटमेंट प्लांट एक साथ तैयार होने जा रहे हैं। ताकि व्यर्थ बहने वाले पानी को सहेजा जा सके। उनका उपयोग किया जा सके। प्लांट से दो प्रोसेस के जरिए पानी को साफ किया जाएगा। ताकि उसे निस्तारी व अन्य में उपयोग लाया जा सके। बीएसपी 30 और 36 एमएलडी प्लांट के एसटीपी बना रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र के लिए 150 एमएलपी की एसटीपी तैयार किया जा रहा है। इस प्रकार दो प्रमुख शहरों से निकलने वाले गंदे पानी को रोककर उसका उपयोग करने की कवायद की जा रही है।


अलग खबर



### तैयार किए जा रहे प्लांट की क्षमता साढ़े पांच हजार क्यूबिक मीटर

निगम के अधिकारियों ने बताया कि प्लांट में अब तक यूज्ड वाटर को दोबारा इस्तेमाल करने के लिए एक ही वाटर ट्रीटमेंट और रिसाइकिल प्लांट थी। क्षमता साढ़े पांच हजार क्यूबिक मीटर प्रति घंटा है। जिसे आउटलेट ए कहा जाता है। शेष करीब 3 हजार क्यूबिक मीटर प्रति घंटे ट्रीटमेंट के बाद नाले में छोड़ दिया जाता था। इस आधार पर ही भिलाई निगम, बीएसपी और दुर्ग निगम द्वारा एसटीपी तैयार किए जा रहे हैं। ताकि पानी का समुचित उपयोग हो सके। साथ ही गंदा पानी नदी तक न पहुंचे, जिससे नदी प्रदूषित न हो।

### पुलगांव नाला डायवर्सन को लेकर तैयार किया जा रहा नया प्लान



वर्तमान में पुलगांव नाले के गंदे पानी को सीधे नदी तक पहुंचने से रोकने के लिए 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट के इंटकवेल के करीब 2 करोड़ रुपए खर्च कर स्टॉप डेम बनाया गया है, जहां गंदे पानी को रोका जाता है। बावजूद इसके गंदा पानी नदीं में पहुंच रहा है। इसे देखते हुए नाला डायवर्सन का नया प्लान तैयार किया जा रहा है। नाले को मुक्तिधाम के पीछे से गुजारने की तैयारी है। ताकि इंटकवेल के हिस्से में गंदा पानी न पहुंचे। बता दें कि इंटकेवेल पुलगांव नाले के टेल पर बना हुआ है, जिससे नाले के गंदा पानी की फिल्टर होकर पेयजल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। इसे लेकर लगातार शिकायत के बाद पुलगांव नाला डायवर्सन का प्लान बना, लेकिन इस प्लान की उपयोगिता साबित नहीं हो पाई, इस वजह से नए सिरे से प्लान तैयार किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग द्वारा इसके लिए सर्वे कराया जा रहा है।

### एसटीपी की मंजूरी मिल चुकी, शुरू होगा काम

एसटीपी को स्वीकृति मिल चुकी है। निविदा प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। कार्य एजेंसी को 27 माह में काम पूरा करना है। शहर दो प्रमुख नालों शंकरनाला और पुलगांव नाला में एसटीपी लगाया जाना है। इस पर करीब 129 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इससे नाले का गंदा पानी सीधे नदी में नहीं पहुंचेगा। वहीं साफ किए गए पानी को उद्योगों और रेलवे को उपलब्ध कराए जाने की तैयारी है।

**-प्रकाश थवानी,** ईई नगर निगम दुर्ग


## खबर संक्षेप

### चिट्टा तस्करी करने वाले तीन पुलिस गिरफ्त में



**भिलाई।** चिट्टा तस्करी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मोहन नगर थाना क्षेत्र से खुर्सीपार निवासी .धनश्याम कौशिक ,रोशन साव,वैशाली नगर कैम्प 1 एमडी सरफराज खान को चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ऑनलाईन के माध्यम से अदान प्रदान कर एक चैनल बनाकर नशे का अवैध कारोबार पंजाब से लेकर दुर्ग भिलाई तक फैला रखा है। आरोपियों से पुलिस ने 4 मोबाईल फोन बरामद किया है। पुलिस ने इससे जुड़े 33 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ऑपरेशन विश्वास के तहत कार्रवाई कर चूकी है।

### शाम को छाए हल्के बादल रात का पारा 9.2 डिग्री दर्ज



**भिलाई।** गुरुवार की रात का पारा 9.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से करीब 4.5 डिग्री कम रहा। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में दुर्ग-भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शीतलहर चलने के आसार है। इससे आगामी दिनों में ठंड और बढ़ेगी। इधर गुरुवार की शाम हल्के बादल की वजह से तापमान में हल्की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। बादल छंटते ही एक बार पुनः ठंड बढ़ेगी। गुरुवार को दिन का तापमान 30 डिग्री के करीब रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक इन दिनों सिर्फ रात में ही नहीं, बल्कि दिन में भी उत्तरी हवा आ रही है। इस बार पश्चिमी विक्षोभ कम गुजर रहा है और जो गुजर रहा है, उसका प्रभाव भी कम है। इसकी वजह से इस बार धीरे-धीरे पारा गिर रहा है और धीरे-धीरे ही तापमान में वृद्धि संभव है। इस दौरान सुबह कोहरे की स्थिति भी बनी रह सकती है। इस बार परफेक्ट ठंड पड़ रही है।

## इलेक्ट्रिक शो रूम संचालक के साथ रकम के नाम पर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इलेक्ट्रीक शो रुम के संचालक के साथ जबरन मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि विश्व बैंक कालोनी भिलाई तीन निवासी मिंटू कुमार झा की दुर्ग मे इलेक्ट्रिक स्कुटी माधव आटो मोबाइल के नाम से शो रूम है।

- भिलाई तीन थाना क्षेत्र की घटना दो युवकों की जमकर पिटाई
- किस्तों में पीड़ित ने अब तक 16 लाख रकम दे चुका

दोस्त बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी एस शिव शेखर राव साल भर बाद मिला था। अचानक उसके शोरूम में आया और रकम इन्वेस्ट करने की बात करने लगा। अपने परिचित गणेश अन्ना द्वारा पैसा देने पर इन्वेस्ट करने की बात तक कही छी। इसे देख मिंटु ने भी 8 लाख रुपए साहस इंफ्राटेक कंपनी बिलासपुर में लगाया था। पैसा देते समय गणेश अन्ना द्वारा मुझे सुरक्षा बतौर दो चेक 5 -6 लाख कुल 11 लाख रुपए का चेक लिया था। उसके बाद कंपनी बंद होने से मिंटू को 8 लाख का नुकसान हो गया। दोनों आरोपी अपने पैसे की मांग कर लगातार किस्तों में रकम लेते रहे। अब तक 16 लाख रुपए पीड़ित उसे दे चुका है। 23 दिसंबर की शाम गणेश अन्ना व एस शिव शेखर राव फोन कर सिरसा गेट भिलाई तीन के पास बुलाया।

मिंटू रायपुर से वापस आते समय सिरसा गेट के पास रुका। तब गणेश अन्ना, शिव शेखर राव और एक अन्य साथ थे। देखते ही रकम का डिमांड कर गाली-गलौज करने लगे। तब मिंटू ने अपने पिता को बुलाकर बैठकर बात करने की सलाह दोनों को दी। तब गणेश अन्ना ने गाली गलौज करना शुरु कर जान से मारने की धमकी दी। अपने हाथ मे पहने लोहे के पंच से मिंटू के नाक, आंख के पास मारपीट कर घायल किया। मारपीट इतना हो गया कि मिंटू बहोश होकर गिर गया था। पिता को कॉल कर बुलाया तो भाई अविनाश के साथ पहुंचे। चोट का मुलाहिजा के लिए पीड़ित को शास्त्री अस्पताल सुपेला लेकर गए। चेक करने पर डाक्टर ने सिर पर चोट लगने की बात बताई गई।

## रंजिश के चलते ठेका श्रमिक पर चलाया कटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रंजिश के चलते युवक को कटर से वार कर मौके से फरार हो गए। शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि बीआरपी कालोनी स्टेशन मरौदा निवासी अजीत कुमार बीएसपी प्लांट में ठेका श्रमिक के रुप में काम करता है। 24 दिसंबर की रात काम से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान घर के पास मनीष कुमार रामटेके, जीगर कुमार सोनी ने देखकर गाली गलौज किया। आरोपी जीगर कुमार सोनी पीड़ित को पकड़ लिया और हाथ मुक्का से मारने लगा। तभी मनीष कुमार रामटेके अपने पास रखा कटर को निकालकर अजीत के गर्दन मे मारा। पीड़ित आरोपियों के हरकत को भाप कर तुरंत पटल गया। जिससे अजीत को कटर उसके पीठ मे लगा।

खबर लगने पर पिता रंजीत सिंह, नीतू साहू समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे।जिसे देख आरोपी मौके से भाग निकले। मारपीट करने से सिर में भी चोट आई है। घटना के एक दिन पहले 23 दिसंबर को पीड़ित का आरोपी मनीष कुमार रामटेके के बीच में विवाद हुआ था। जिसका बदला लेने के लिये आरोपियों ने जान से मारने का प्लान तैयार कर कटर से वार कर फरार हो गए। फिलहाल आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

## झाड़फूंक का प्रलोभन देकर अनाचार करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

झाडफूंक का झांसा देकर अनाचार करने वाले बैगा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नाबालिक की अचानक तबियत खराब होने पर उसे परसबोड़. बेमेतरा निवासी बाडू बैगा को उपचार व झाड़फूंक कराने अपने घर ग्राम बुलाया गया था। झाड़फूंक करने के बाद नींबू को लेकर फेंकने जाने के लिए बोला। उसके बाद बैगा महिला को अपने साथ घर से थोड़ी दूर लगे नर्सरी के भीतर ले जाकर धमकी देकर जान से मारने की धमकी देकर अनाचार किया।



- नंदिनी थाना क्षेत्र की घटना
- महिला नाबालिग बेटी को झाड़फूंक कराने ले गई थी

शिकायत के बाद पुलिस ने जांच के बाद आरोपी बैगा परसबोड़.निवासी परमेश्वर बघेल उर्फ बाडू बैग को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ कर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र का है। गौरतलब हो कि ट्विनसिटी में अनाचार के मामले लगातार सामने आ रहा है। इसे लेकर पुलिस समेत कई सामाजिक संगठन जागरूकता अभियान भी चला रही है। बावजूद अनाचार के वारदातों पर लगाम नहीं लग पा रहा है। वर्ष 2025 माह जनवरी से दिसंबर तक 167 मामले जिले में हो चुके है। सिर्फ दो ही केस का खत्मा हो पाया है।




खुर्सीपार थाना क्षेत्र की घटना

## निगरानी बदमाश हथियार लेकर धमका रहा था, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगरानीशुदा बदमाश लोहे का हथियार लेकर लोगों को धमकी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने धारदार हथियार भी जब्त किया गया है।

खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दिया कि पुराना बदमाश कोहका निवासी संतोष शर्मा ऊर्फ मथुरा डबरापारा बृज के नीचे खुर्सीपार के पास अपने हाथ में लोहे का धारदार चाकू लेकर डरा धमका रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंद कर संतोष शर्मा को मौके से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से पुलिस ने लोहे का धारदार चाकू जब्त किया गया। पूछताछ करने पर बताया कि पुलिस ने नोटिस देने पर कोई लायसेंस कागजात नही होने की जानकारी दी। पुलिस ने टाउन पेट्रोलिंग के दौरान आरोपी संतोष शर्मा को पकड़ा गया। खुर्सीपार गेट सिग्नल के पास से पुलिस को सूचना मिली थी। संतोष शर्मा उर्फ मथुरा वैशाली नगर पुलिस थाने का निगरानी बदमाश है। निगरानी बदमाश मथुरा को पुलिस ने डरात धमकाते रंगे हाथ पकडा।

- लोहे का धारदार हथियार लेकर घूम रहा था
- मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया

आरोपी के पास से धारदार चाकू मिलने पर पंचनामा तैयार किया। एक स्टील का धारदार नुकीला चाकू प्लास्टिक का मुठ लगा है। जिसकी लंबाई 13 इंच करीब होगा जिसकी कीमत 500 रुपए आंकी गई है। आरोपी संतोष शर्मा का कई थाना क्षेत्रों में अपराध दर्ज है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना घटना स्थल की घेराबंदी की गई थी।

### बदमाशों के हौसले बुलंद

जिले के हिस्ट्रीशीटर, निगरानी बदमाशों का हौसला बुलंद होता दिख रहा है। निगरानीशुदा बदमाश दिनदहाडे खुर्सीपार क्षेत्र में आने जाने वाले लोगों को हथियार दिखाकर धमकी देकर रंगदारी दिखा रहा था। सूचना पर पुलिस उसे पकड़ी है। लेकिन कुछ दिन जेल में रहने के बाद आरोपी दोबारा इस तरह का घटना को अंजाम दिया करता है। इसके अलावा कई अपराधियों के हौसले जिले में बुलंद हो रहे है।



# सुशासन सप्ताह में आए 117 आवेदन, पट्टा, सड़क-नाली से लेकर स्वास्थ्य से जुड़ी शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत आदित्य नगर जोन कार्यालय में सुशासन सप्ताह प्रशासन शहर की ओर अभियान के तहत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं महात्मा गांधी के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, कुलेश्वर साहू,पार्षद सावित्री साहू, रंजीता पाटिल,जितेंद्र कुमार, युवराज कुंजम, गुलशन साहू, अरुण सिंह, कमल देवांगन, सुरुचि उमरे, मनीष कोठारी, गुड्डू यादव सहित उपायुक्त मोहेंद्र साहू उपस्थित रहे। शिविर में नागरिकों द्वारा कुल 117 आवेदन आए, जिनमें 102 मांग संबंधी आवेदन एवं 15 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए। मांग पत्रों में पट्टा, सड़क एवं नाली निर्माण प्रमुख रहे, जबकि शिकायतों में पानी आपूर्ति एवं अतिक्रमण से संबंधित प्रकरण शामिल थे। सभी आवेदनों को त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया।शिविर के दौरान महापौर अलका बाघमार ने शिविर में पहुंचे हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और आयुक्त को आवश्यक निर्देश दिए।

## महापौर अलका बाघमार ने आए आवेदनों का तत्काल निराकरण करने के दिए निर्देश

### हेल्थ कैम्प में 74 से ज्यादा मरीजों की जांच, लैब टेस्ट किया, दवा भी बांटी

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को विभागीय प्राथमिकता के साथ निराकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा अनुसार जनसमस्याओं के समाधान हेतु इस प्रकार के समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य सेवाओं से जुड़े प्रकरण शामिल किए गए। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 74 मरीजों का उपचार किया गया। 18 मरीजों के लैब टेस्ट, 43 हितग्राहियों को निशुल्क दवा प्रदान की गई।



### सरकारी योजनाओं का दिलाया लाभ, लिए गए आवेदन

शिविर में सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया गया। इसके लिए आवेदन भी लिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), जिला स्वास्थ्य समिति, पशुधन विकास विभाग, विद्युत विभाग, पंजीयन काउंटर, ट्रेड लाइसेंस, पेंशन शाखा, संपत्ति शाखा, एकीकृत बाल विकास परियोजना, आयुष विभाग, श्रम विभाग, आधार कार्ड एवं आबकारी विभाग के स्टॉल लगाए गए। अधिकारियों ने बताया कि सुशासन को लेकर हफ्तेभर शिविर लगाए जाएंगे। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर विभागीय प्रमुख और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### किसान दिवस पर दी गई रोजगार गारंटी की जानकारी

**दुर्ग।** कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा में 23 किसान दिवस पर जिले के किसानों के लिए कार्याशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। कृषि मंत्री ने विकसित भारत जी राम जी योजना की विस्तृत जानकारी दी। केन्द्र के प्रमुख डॉ. विजय जैन ने 125 दिन की रोजगार गारंटी, बेरोजगारी भत्ते के लिए बेहतर प्रावधान, समय पर मजदूरी का भुगतान और देरी होने पर मुआवजा की जानकारी किसानों को दी। मनीष कुमार वर्मा, विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा किसानों को गेहूं व सरसों की उन्नत खेती की संपूर्ण विधि की जानकारी प्रदान की गई। डॉ. ईश्वरी कुमार साहू विषय वस्तु विशेषज्ञ ने रबी फसलों में चूहा नियंत्रण के तरीको से अवगत कराया। डॉ. विनय कुमार नायक विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा रबी फसलों की बीज बुआई हेतु मशीनों की समायोजन विधि के बारे में बताया गया। 75 से ज्यादा किसान उपस्थित रहे।

### महिला उद्यमियों की आत्मनिर्भरता की दिशा में दो दिवसीय प्रशिक्षण

**दुर्ग।** महिलाओं को स्वरोज़गार एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से महिला उद्यम वित्त ऋण विषय पर आधारित एक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 22 एवं 23 दिसंबर 2025 को डीपीआरसी अंजोरा दुर्ग में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने एवं उसे आगे बढ़ाने के लिए उपलब्ध विभिन्न वित्तीय ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी महिलाओं को ऋण आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज़, ऋण राशि, ब्याज दर, पुनर्भुगतान प्रक्रिया तथा विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा बिज़नेस प्लान तैयार करने, बैंक से संपर्क स्थापित करने तथा वित्तीय प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना हेतु वित्तीय सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। कार्यशाला में महिला उद्यम ऋण योजना, व्यवसाय प्रारंभ एवं विस्तार, परियोजना प्रतिवेदन निर्माण, बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं से ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।

## वार्ड 31 में वर्षों से बदहाल बुनियादी सुविधाएं, गार्डन भी खंडहर में तब्दील

# मदर टेरेसा नगर में बदहाल सड़कें और पानी की किल्लत से वार्डवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

*मदर टेरेसा नगर में बुनियादी सुविधाओं की हालत अब भी नहीं सुधरी है। यहां के लोग आज भी पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। कई इलाकों में नल सूखे रहते हैं। यहां सड़कें और नालियां भी बुरी तरह जर्जर हैं। करीब बीस साल पहले बनाई गई सड़कों पर अब बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। लोगों को आवागमन में परेशानी होती है और बारिश के दिनों में हालत और खराब हो जाती है।*


वार्ड परिक्रमा


वार्ड 31 में पुरानी नालियों की दीवारें कई जगहों पर टूट चुकी हैं। सफाई के अभाव में शासकीय स्कूल के सामने सहित कई नालियां पूरी तरह जाम पड़ी हैं, जिससे आसपास मच्छर और बदबू की समस्या भी बढ़ रही है।

वार्ड में स्टील नगर, आदर्श नगर, सुंदर नगर, एक्शन कमेटी और गणेश मंच क्षेत्र में कुल पांच सामुदायिक भवन हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक इनका संधारण की जरूरत है। वार्ड का एकमात्र गार्डन भी बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। गार्डन के पास कचरा डंपिंग की जा रही है। दिनभर यहां मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है।

### आयुक्त के निरीक्षण के बाद भी नहीं सुधरी गार्डन की व्यवस्था







## वार्डवासियों का कहना कि वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव, निगम नहीं दे रहा ध्यान

### महीनों से बंद पार्क पर ताला, बच्चे खेलने से वंचित





वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर के निवासियों ने वार्ड के एकमात्र गार्डन की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि गार्डन कई दिनों से बंद पड़ा है और हमेशा ताला लगा रहता है, जिसके कारण बच्चों का खेलना और बुजुर्गों का टहलना पूरी तरह बंद हो गया है। वार्ड निवासी मीना कोसले और बॉबी देवी ने बताया कि इस गार्डन की देखरेख मां राज राजेश्वरी स्व सहायता समूह द्वारा की जा रही है, लेकिन रखरखाव की स्थिति संतोषजनक नहीं है। गार्डन की कई जगहों पर दीवार टूट चुकी है। फिसलपट्टी और झूले झाड़ियों और जंगल से घिरे पड़े हैं। खेलने वाले उपकरण जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। निवासियों का कहना है कि करीब एक माह पहले नगर निगम के आयुक्त स्वयं इस गार्डन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। गार्डन के संधारण और सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा हुई थी, लेकिन अब तक सुधारात्मक काम शुरू नहीं हो पाया। लोगों का कहना है कि वार्ड में यही एकमात्र गार्डन है, जहां बच्चे खेलते थे और सुबह शाम लोग टहलने आते थे। गार्डन बंद होने से सभी गतिविधियां ठप हो गई हैं। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम से जल्द मरम्मत, सफाई और गार्डन खोलने की मांग की है।

### नशेड़ियों का अड्डा बना पार्क, सुरक्षा के लिए बंद करना पड़ा



वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर के एकमात्र गार्डन की देखरेख कर रही मां राज राजेश्वरी स्व सहायता समूह की प्रतिमा बघेल ने बताया कि करीब पांच माह पहले गार्डन का जिम्मा सौंपा गया था, लेकिन यहां सुरक्षा और रखरखाव से जुड़ी कई बड़ी दिक्कतें बनी हुई हैं। प्रतिमा बघेल के अनुसार, गार्डन परिसर में दिनभर नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। सुबह से देर रात तक शराब, गांजा सेवन और संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत मिलती रहती है। इसी वजह से सुरक्षा के दृष्टि से गार्डन में ताला लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि ताला लगाए जाने के बाद भी कई लोग दीवार फांदकर अंदर घुस आते हैं। इससे गार्डन की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचता है और माहौल असुरक्षित बना रहता है। गार्डन में पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण लगाए गए पौधों को सिंचाई के समय परेशानी होती है। प्रतिमा बघेल ने पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है।

### पानी की भारी किल्लत, पाइप लाइन होने के बाद भी सूखे नल



वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर में पानी की समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है। कई इलाकों में पाइपलाइन तो बिछाई गई है, लेकिन नलों तक पानी नहीं पहुंच रहा। गणेश मंच के पास रहने वाली संगीता देवी ने बताया कि उनके गली में पाइपलाइन जरूर डाली गई है, लेकिन उसमें सालों से पानी नहीं आता। उन्होंने कहा कि घरों में पानी की आपूर्ति न होने के कारण लोगों को दूसरे मोहल्ले में जाकर पानी भरना पड़ता है। गर्मी के दिनों में स्थिति और ज्यादा खराब हो जाती है और लोग बूंद बूंद पानी के लिए परेशान हो जाते हैं। संगीता देवी ने बताया कि क्षेत्र में नाली मरम्मत की भी जरूरत है। नाली का लेवल नीचा होने के कारण बरसात के समय गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है। इस समस्या से जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों को कई बार अवगत करा चुके हैं।

**50 लाख का प्रस्ताव**

गार्डन के संधारण और सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है, जो अभी भी पेंडिंग है। सामाजिक भवनों के संधारण के लिए भी निगम में बोला गया है। सड़क और नाली निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

-प्रियंका साहू, पार्षद वार्ड 31 भिलाई

# जिले की सभी ग्राम पंचायतों में आज होगी विशेष ग्रामसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

26 दिसंबर को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आदेश जारी किए गए हैं। दुर्ग जिला आयोजित विशेष ग्रामसभाओं मे प्रावधानों की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी जाएगी।

विशेष ग्रामसभाओं में नवीन एवं महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत जी राम जी के प्रमुख बिंदुओं एवं समेकित कार्ययोजना से भी ग्रामीणों को अवगत कराया जाएगा। यह अधिनियम राष्ट्रीय विजन के अनुरूप समृद्ध एवं सशक्त ग्रामीण भारत के निर्माण के उद्देश्य से लागू किया गया है। इसके तहत अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी-रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी।

जी-राम-जी अधिनियम के तहत पहले निर्धारित 100 दिनों की जगह अब 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया गया है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी और आजीविका सुरक्षा और अधिक मजबूत होगी। अधिनियम के अंतर्गत किए जाने वाले सभी कार्य राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना का हिस्सा होंगे। इनमें जल सुरक्षा, मूलभूत ढांचा,

- **विकसित भारत जी-राम-जी एवं पेसा अधिनियम को लेकर होगी चर्चा**

आजीविका आधारित अवसंरचनाएं तथा जलवायु परिवर्तन एवं प्रतिकूल मौसमी घटनाओं से बचाव से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। जी-राम-जी के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर विकसित पंचायत की रूपरेखा के अनुसार योजनाएं तैयार की जाएंगी, जिन्हें पीएम गतिशक्ति एवं राष्ट्रीय स्थानिक योजना प्रणालियों से जोड़ा जाएगा। पंचायतों की भौगोलिक स्थिति, नगरीकरण की दिशा एवं स्थानीय विकास आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाओं का निर्माण किया जाएगा। कृषि कार्य से जुड़ी जानकारी भी दी जाएगी।

# सिटी बस सेवा दोबारा शुरू करने सीएम के नाम ज्ञापन



**भिलाई।** ग्रामीण कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष पी लक्ष्मी नरसिम्हा के नेतृत्व में राज्य शासन की बंद पड़ी परिवहन योजना सिटी बस को पुनः चालू करने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम भिलाई तीन को ज्ञापन सौंपा गया।

सेवादल प्रदेश महामंत्री राजेश गुप्ता एवं छाया महापौर रामपाल नाविक ने कहा कि 2000 के पूर्व राज्य सरकार द्वारा सिटी बस का संचालन संपूर्ण छत्तीसगढ़ में शुरु किया गया था। जिसे प्रदेश के आम जनता को आवाजाही में काफी सुविधा हो रही थी किराए भी कम था। जिससे प्रदेश की जनता को आर्थिक लाभ मिल रहा था किंतु करोना काल के बाद उस परिवहन योजना को पूर्ण रूप से बंद कर दिया। लक्ष्मी नरसिम्हा ने राज्य शासन से मांग की है कि सिटी बस परिवहन योजना पुनः चालू करें ताकि जनता को सस्ता आवा गमन का सुविधा मिले।

# शिव महापुराण कथा में शामिल होने डॉ. सिंह को किया आमंत्रित



**भिलाई।** शिव शक्ति सेवा समिति भिलाई ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर शिव महापुराण कथा में शामिल होने आमंत्रण दिया। यह आयोजन 8 से 14 फरवरी तक भिलाई में आयोजित है। इसमें पं. युवराज पांडे कथा वाचक होंगे। इस अवसर पर समिति के सलाहकार अशोक शर्मा, अध्यक्ष सौरभ जायसवाल, जितेन्द्र जायसवाल आदि उपस्थित थे।

### कबड्डी चैम्पियनशीप में गोमती निषाद का चयन



**दुर्ग।** नगर कबड्डी संघ एवं जय शीतला युवा वृन्द की होनहार खिलाड़ी गोमती निषाद का चयन 51वीं जूनियर बालिका कबड्डी चैम्पियनशिप की छग टीम में चयन किया गया। यह प्रतियोगिता 28 दिसम्बर तक कोलकाता के दमदम शहर में आयोजित की जा रही है। संघ के अध्यक्ष रामदास यादव, उपाध्यक्ष राकेश यादव एवं सचिव भूपेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष राकेश गिलानी बताया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का यह परिणाम है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति, मिला सम्मान



**भिलाई।** माइलस्टोन अकादमी में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम कक्षा छठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा जूनियर विंग कोहका में आयोजित किया गया। बच्चों आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुति दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुधीर शुक्ला चेयरमैन माइलस्टोन ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर शुभकामनाएं दी। वार्षिक उत्सव का विषय 30 ईयर्स ऑफ माइलस्टोन था जो सभी को माइलस्टोन की यात्रा को जीने, देखने और महसूस करने का अवसर प्रदान किया। वार्षिक उत्सव की पटकथा, गाने, नृत्य, प्रॉप आकर्षण का केन्द्र रहा। विद्यार्थियों की लगन अपने नृत्य प्रदर्शन को सबसे बेहतर करने की ललक और मिलकर पूरे वार्षिक उत्सव को सफल बनाने का प्रयास सराहनीय था। आयोजन के दिन बच्चों की रंग - बिरंगी वेशभूषा , मंच पर की गई लाइटिंग, साज - सज्जा दिल को लुभा लेने वाली थी। दर्शक दीर्घा में बैठे परिजन अपने-अपने बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे। शाला की डायरेक्टर डॉ. ममता शुक्ला और एकेडमिक डायरेक्टर शुभम शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों के साथ उनके पालकों व पूरे माइलस्टोन परिवार को शुभकामनाएं दी।

# खुद के इलाज के लिए सालों से गिड़गिड़ा रही हैं स्वास्थ्य व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

आम आदमी पार्टी ने जिले की बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। आप ने कहा है कि दुर्ग जिले में हेल्थ सिस्टम पूरी तरह से फेल हो चुका है। अफसर अपनी कुर्सी बचाने और विसासिता भोगने में मस्त हैं, जनता त्रस्त है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि पुरे प्रदेश सरकारी हेल्थ सिस्टम बीमार है। इलाज को मोहताज है और सालों से अपने खुद के इलाज के लिए सरकार से मिन्नतें कर रही हैं गिड़गिड़ा रहा हैं। सरकार जानबूझ कर स्वस्थ व्यवस्था को वंटिलेटर तक पहुंचाने के बाद उसके अंतिम संस्कार की तैयारी मे जुट गई हैं, तभी तो पूरे प्रदेश मे निजी अस्पतालों की धूम मची हुई है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा 3000 करोड़ से शुरू हुआ बजट अब लाखों करोड़ों में पहुंच गया है। आखिर इतना बजट जाता कहां है? इतने सालों में एक भी सरकारी अस्पताल को क्यों सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नहीं बनाया जा सका? क्यों एक भी सरकारी अस्पताल निजी अस्पतालों जैसा विश्वास हासिल नहीं कर पाया?क्यों इस प्रदेश के आम आदमी को सस्ती सरकारी स्वास्थ्य सेवा नहीं मिल पा रही है? जिस प्रदेश के 9 जिला अस्पतालों में आईसीयू ,12 में सिटी स्कैन मशीनें नहीं हैं, वहां अस्पताल के नाम पर जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। आवश्यक दवाएं एवं जीवनरक्षक औषधियों की समय पर आपूर्ति नहीं हो रही है। आपातकालीन सेवाओं हेतु एम्बुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर हेल्थ सिस्टम को लेकर हाईकोर्ट भी फटकार लगा चुका है, लेकिन समस्या जस के तस है। जल्द ही समस्या का निराकरण नहीं हुआ, तो प्रदर्शन करेंगे।

- **हाईकोर्ट की फटकार के बाद भी स्वास्थ्य सुविधाओं में नहीं हो रहा सुधार**

## राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

# जागो ग्राहक जागो... अपने अधिकारों को समझो, व्यापारी यदि गलत करे तो तुरंत शिकायत करो, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा जारी स्टेट प्लान ऑफ एक्शन में दिए गए निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उपभोक्ता अधिकारों, उपभोक्ता संरक्षण कानूनों तथा उपलब्ध विधिक उपायों के प्रति जागरूक करना रहा।





इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित विधिक जागरूकता शिविर, संवादात्मक व्याख्यान, परामर्श सत्र तथा सूचना सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ताओं को यह जानकारी दी गई कि किसी वस्तु अथवा सेवा में दोष पाए जाने की स्थिति में वे किस प्रकार अपने अधिकारों का संरक्षण कर सकते हैं तथा उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के माध्यम से शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्राप्त कर सकते हैं।

### उपभोक्ता सिर्फ खरीदार नहीं अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी भी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से यह भी संदेश दिया गया कि उपभोक्ता केवल खरीदार ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता से न केवल शोषण पर रोक लगाई जा सकती है, बल्कि पारदर्शी एवं उत्तरदायी बाजार व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा सकता है। इस संबंध में नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करें। उक्त कार्यक्रमों में पैरालीगल वालेंटियर्स, छात्र-छात्राएं तथा आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

## खबर संक्षेप

### चुनकट्टा मंडई मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**सेलुद।** सतनामी सामाज एवं समस्त ग्रामवासी चुनकट्टा के द्वारा मंडई मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम 26 दिसम्बर को रखा गया है। इसके पहले डीजे साउंड के साथ शोभा यात्रा ग्राम चुनकट्टा सतनाम भवन से निकली। अटल बाजार सेलूद चौक ममतामयी मिनिमाता की प्रतिमापर माल्यापर्ण कर पुनः सतनाम भवन चुनकट्टा पहुंच कर समाप्त हुई।
26 दिसम्बर को दोपहर 2:00 बजे से पंथी नर्तक दल (महिला) ग्राम सुखरी (मचान्दुर), जिला बालोद के साथ नृत्य प्रदर्शन एवं संध्या फेरी के साथ ध्वजा रोहण, पालो एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। साथ ही भव्य मंडई मेला का (राउत नाचा के साथ) रात में 10 बजे से गोफेलाल गेंदले, हरिहरपुर नवागढ़ (मुंगेली) का होगा।

### बेलचंदन का सम्मान



**अंडा।** दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज नगर इकाई दुर्ग के पदाधिकारियों ने केंद्रीय जिला सहकारी बैंक दुर्ग के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन से सौजन्य भेंट कर उनका सम्मान किया। दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज नगर इकाई दुर्ग के नगर अध्यक्ष राकेश हरमुख, उपाध्यक्ष अतुल देशमुख, सचिव राकेश देशमुख, युवा सचिव गोकुल देशमुख, महिला अध्यक्ष केवरा देशमुख, महिला उपाध्यक्ष सुनीता देशमुख एवं महिला सचिव श्रीमती रुखमणि देशमुख सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## निधन

### सविता सोलंकी



**दुर्ग।** आर्य नगर निवासी सविता सोलंकी उम्र 75 वर्ष का गुरुवार की दोपहर करीब 3 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 दिसंबर की सुबह 11.30 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा 26 दिसंबर की सुबह 11 बजे निवास स्थान प्लॉट नं. 125 आर्यनगर से निकलेगी। वे कांतिलाल भाई सोलंकी की धर्मपत्नी एवं मेहुल की मां, मनन की दादी लोकेश, निकुंज और चिनय की चाची थी।

### देवेन्द्र वर्मा



**सेलुद।** पाटन विधानसभा के शासकीय पुर्व माध्यमिक शाला तुलसी में पदस्थ शिक्षक देवेन्द्र वर्मा का आकस्मिक निधन हो गया। उनके गृह ग्राम बटंग में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के मौके पर शिक्षक विभाग, गाँव ,व परिवार के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# अब तक नहीं मिला इस महीने का चावल, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

ग्राम पंचायत कौही के हितग्राहियों को दिसंबर माह बीतने को हैं लेकिन माह का राशन अब तक नहीं मिला हैं जिससे ग्रामीण पाटन के अधिकारियो व दुकान संचालक के खिलाफ आक्रोषित नजर आ रहे हैं। पिछले दिनों ग्रामीणों ने दुकान संचालक के खिलाफ शिकायत की थी और दुकान के सामने घंटो बैठकर धरना दिए थे। जिसके बाद दूसरे दिन अधिकारी ने पहुंचकर कर गांव वालों की शिकायत सुनी और प्रतिवेदन बनाकर एसडीएम लवकुश कुमार ध्रुव पाटन को सौपने की बात कही थी,शिकायत के बाद संचालक के द्वारा दिसम्बर में नवम्बर माह की राशन का वितरण किया गया लेकिन



अब दिसम्बर बीतने वाला हैं लेकिन एस माह के राशन का अबतक पता नहीं हैं। वही पिछली शिकायत की जाँच होने के बाद भी पाटन एसडीएम ने कार्रवाई नहीं की हैं। जानकारी के अनुसार पाटन ब्लाक में एक साथ 11 दुकान संचालन का जिम्मा एक ही व्यक्ति को दिया गया हैं। पिछले दिनों कौही के हितग्राहियों ने समय पर राशन नहीं मिलने व दुकान नहीं खुलने की शिकायत की गई थी, वही ग्राम पंचायत सोनपुर के ग्रामीणों ने भी राशन वितरण को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। यह दोनों गावों में एक ही व्यक्ति के द्वारा दुकान का संचालन किया जाता हैं। दो जगहों से शिकायत मिलने के बाद भी इस दुकान संचालक पर अधिकारी कार्रवाई करने में कोताही बरत रहे हैं। जानकरी के अनुसार खाद्य विभाग के अधिकारी शिकायत के बाद ग्राम कौही पहुंचे थे जिसके बाद जानकारी लेकर प्रतिवेदन तैयार कर पाटन एसडीएम को सौप दिया गया हैं लेकिन 12 दिन बीत जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई है। गांव के कई लोगो को राशन नहीं मिला हैं, इसकी शिकायत अधिकारियो से करने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही हैं। सरपंच लीना साहू व ग्रामीणों ने लिखित में बताया कि ग्राम कौही में राशन दुकान संचालक द्वारा पिछले 4-5 माह से राशन सामाग्री का वितरण समय पर नहीं करता है 'हमारे गांव में लगभग 700 कार्डधारी है जिसे माह के अंतिम संप्ताह में वितरण करने आता है जिससे लोगो में अफरी-तफरी मची रहती है। कई हितग्राही को राशन से वंचित भी होना पड़ता है साथ ही पिछले दो माह (अक्टूबर व नवम्बर) में संचालक द्वारा हित-ग्राही को शक्कर नहीं दिया जिसके कारण लोगो में रोष व्याप्त है। पिछले माह नवम्बर का राशन 13 दिसम्बर को वितरण किया और इस माह (दिसम्बर) का राशन वितरण अभी तक चालू नहीं किया. वही सोनपुर के सरपंच डॉ संतोष कुंभकार ने बताया पाटन एसडीएम में शिकायत करने के बाद भी कोई कारवाई नही हो रही है।

**कार्रवाई होगी-कलेक्टर**
अनियमितता है तो कार्रवाई जरूर होगी। गरीबों का मामला है। सेल्समैन पर भी कार्रवाई की जायेगी।
- **अभिजीत सिंह** दुर्ग कलेक्टर

**कार्रवाई करेंगे-एसडीएम**
वितरण की सूचना मिली थी, एक बार फूड इंस्पेक्टर से रिपोर्ट लेंगे अगर गड़बड़ी होगी तो कार्रवाई की जाएगी। नोटिस दिया गया था एक सप्ताह में जवाब नहीं आया हैं। ऐसे में कार्रवाई की जाएगी।
- **लवकेश ध्रुव,** एसडीएम पाटन

**जांच हो चुकी**
इस मामले में जाँच कर प्रतिवेदन एसडीएम को भेज दिए हैं, आगे की कार्रवाई एसडीएम करेंगे।
- **अनुराग भदौरिया,** खाद्य अधिकारी दुर्ग

## जयंती पर ग्रामीण अंचल में हुए विविध आयोजन

# गांव-गांव में याद किया अटल का योगदान

### याद किया अटल का योगदान



**जामुल।** भाजपा जमुल मंडल में मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता के नेतृत्व में भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर अटल स्मृति वर्ष मनाया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर और जिला सह कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन ने अटल के जीवनी व इनके राष्ट्र के प्रति सेवा समर्पण का कार्यकर्ताओं के बीच प्रसार किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से मंडल अध्यक्ष बंटी गुप्ता, नूतन वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव, लक्ष्मी नारायण क्षत्रीय , बीआर रामटेके, वरिष्ठ कार्यकर्ता राकेश वर्मा, बजरंग सिन्हा, राम किशन साहू, महिपाल, धनेश्वर गौतम, पंचू राम सेन, रामकिसन पटेल आदि

### सेलूद के भाजपाइयों ने अटल बिहारी बाजपेयी जी 101वी जयंती मनाई

**सेलुद।** ग्राम सेलूद के भाजपाईयों ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जयंती मनाई। समारोह में खेमलाल साहू पूर्व मण्डल अध्यक्ष, रमेश देवांगन शक्ति केंद्र संयोजक, खेमिन साहू पूर्व सरपंच, टामन लाल साहू सोसायटी अध्यक्ष, महेश्वर बंछोर, तरेन्द्र बंछोर अध्यक्ष शाला विकाश समिति, अशोक यादव, उमेश सिन्हा बूथ अध्यक्ष द्वय, दिनेश बरहरे, संतोष साहू, शारदा साहू, विकाश बारले सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।





### सिरसिदा में मनाई वाजपेयी जयंती

**अंडा।** फोटो। ग्राम पंचायत सिरसिदा में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। जयंती समारोह में इंद्रजीत चंद्राकर, चंद्र प्रकाश, जय सिंह, ठाकुर, फूल सिंह, ईश्वर, मोती साहू, कुल्लू देवांगन, जीवन, अंबालिका, भाषण माता, बिंदा, रंजीता सहित गाँव की माताएँ एवं महिला समूहों की सक्रिय सहभागिता रही।



### वाजपेयी जी की मनी जयंती

**अंडा।** फोटो। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र ग्राम अंजोरा मंडल के ग्राम रसमडा में भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा , सरपंच संघ अध्यक्ष ओमश्वर (राजू) यादव , महामंत्री यामिनी हरमुख , उपाध्यक्ष शिव निषाद , नंदू निर्मलकर , दिव्या साहू , मंत्री डॉ. झमनेश देशमुख , रसमडा सोसायटी के अध्यक्ष पुष्पा सिंह, छाया जिला पंचायत सदस्य बीना महतेल , पवन महतेल, रामकली साहू, पूर्व सरपंच खपरी नारायण साहू,पूर्व सरपंच रसमडा रामखिलावन यादव , दिलीप साहू, देव प्रसाद साहू, राजेश हरमुख,चमन यादव विनोद साहू ,संतोष निर्मलकर, डॉ. एस के सिकदार सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दीप जलाकर याद किया बाजपेयी को

**सेलुद।** देश के पुर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर ग्राम ढौर के अटल चौक के पास दीप जलाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता हर प्रसाद आडिल, राम भरोसा साहू, भूतपूर्व अध्यक्ष परसराम साहु, दुर्गा निर्मलकर, गंगा साहू, भगवती ठाकुर, पद्मिनी निर्मलकर, पंच टिकेश्वरी, लता निर्मल, रोमनाथ साहू, रामलाल साहू, डॉक्टर बुद्धेश्वर साहू, शालिकराम, काशीराम, मायाराम यादव, वासुदेव निर्मलकर, महेंद्र साहू व अंजुरी राम साहू सहित अन्य शामिल हुए।



## फिल्म से किया बच्चों को प्रोत्साहित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव-आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव (आर) में विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं नैतिक विकास को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक चलचित्र का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने छात्र – छात्राओ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की इस कार्यक्रम के माध्यम से आप लोगों में लक्ष्य प्राप्ति में मदद, आत्मसुधार , साहस में वृद्धि, बेहतर प्रदर्शन, रचनात्मक और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास होगा। इस कार्यक्रम का संपादन प्राध्यापक मेजराम जोशी, प्रियम वैष्णव , मनीष कुमार साहू, डॉ लता मारकंडे ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापिका श्रीमती नीता कुम्हारे, प्राध्यापक रजनीशकान्त तिवारी, एश्वर्य सिंह ठाकुर, डॉ आबिद हसन खान, श्रीमती चेतना सोनी, डॉ अरुणेन्द्र कुमार तिवारी, डॉ. संतोष कुमार पाण्डेय, मनोज यादव एवं प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मटंग में भागवत कथा जारी



**सेलुद।** पाटन विधानसभा के ग्राम मटंग में तेनसिंग निर्मलकर परिवार द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान परमानंद महराज ने कृष्ण जन्म कथा मनोरम झांकी के साथ श्रोताओं तक पहुंचाई। आहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा भी आयोजन में विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पोशुराम निर्मलकर,पूर्व सरपंच श्रीमती डेगेशवरी रमेश,मनोज साहू,रितेश साहू, भागवत वर्मा, संत घनश्याम पटेल, जगदीश वर्मा, बिसाहू राम चंदन, वीरेंद्र वर्मा, कमल निर्मलकर, खुमेश साहू, जितेंद्र साहू, निहाल निर्मलकर, बोधीराम साहू,युमन साहू, गोवर्धन साहू,सहित बड़ी संख्या में जन मानस उपस्थित रहे।

## मितानिनों व आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं किया सम्मान

**सेलुद।** ग्राम पंचायत सेलुद द्वारा स्वास्थ्य की प्रथम पंक्ति में कार्य करने वाली 16 मितानिनों व आंगनबाड़ी में कार्यरत महिलाओं का सम्मान किया गया। सेलुद सरपंच खिलेश मारकंडे व पंचों ने साड़ी, श्रीफल देकर इन्हें सम्मानित किया। ग्राम पंचायत सेलुद में मितानिन व आंगनबाडी की गायत्री बंछोर, सरस्वती साहु, सुधा अमृत, सुरेखा ठाकुर, पुर्णिमा बंछोर, सुनीता कुर्रे, गोदावरी बंजारे और



सुनीता वर्मा सहित 16 महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पंच रमेश कश्यप पंच करन धनकर और पुर्व पंच रवि पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

## अनुशासन और मेहनत सफलता की कुंजी है : देव देशमुख

**निकुम।** ग्राम निकुम भाटापारा में देव देशमुख द्वारा स्कूली बच्चों को छू लो आसमां थीम पर परीक्षा में सफलता के लिए मोटिवेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने सतरंगी छटा बिखेरी, वहीं प्रतिभाशाली, मेधावी बच्चों का सम्मान और बारहवीं के स्टूडेंट्स को बिदाई दी गई । इस अवसर पर देव देशमुख ने कहा अनुशासन और मेहनत सफलता की कुंजी है, क्योंकि अनुशासन का अर्थ है अपने समय का सही प्रबंधन



करना और एक नियमित दिनचर्या का पालन करना है। इस अवसर पर पेमेंद्र साहू, दुलेश्वरी देशमुख उप सरपंच गोपेंद्र साहू और दिलीप साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## परिक्षेत्र साहू संघ ने ली शपथ

**उतई।** पुरई परिक्षेत्र साहू संघ शपथ ग्रहण का आयोजन मां कर्मा समुदायिक भवन पुरई में हुआ। अध्यक्ष लोकनाथ साहू ,पूर्व अध्यक्ष खिलावन साहू एवं उनके इकाई के समस्त अध्यक्षो व परिक्षेत्र के पदाधिकारियो की उपस्थिति में यह आयोजन हुआ। जिसमें पदाधिकारियों समाज के हित व समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करने, युवाओ को आगे लाने और समाज में व्याप्त कुरीतियो को मिटाने का संकल्प लिया। मंच संचालन द्रोपती साहू ने और आभार व्यक्त परिक्षेत्र अध्यक्ष लोकनाथ साहू ने किया।



## प्रदेशभर में एकसाथ आयोजित किया गया कार्यक्रम

# ग्रामीण अंचल में भी अटल परिसर का वर्चुअल लोकार्पण

**जामुल।** नगर पालिका जामुल में अटल परिसर का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं अनुसुचित जाति प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि आज जिस प्रदेश में हम रह रहे हैं। उस प्रदेश के निर्माता स्व. बाजपेयी है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ में 115 निकायों में एक साथ अटल परिसर का लोकार्पण हो रहा है।

कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने हमारा भारत परमाणु शक्ति के रूप में स्थापित है तो इसका श्रेय भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी पूर्व प्रधानमंत्री को जाता है। आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी ने किया। लोकार्पण कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पार्षदगण खम्हन ठाकुर, रेखराम बंछोर, दीपक गुप्ता, सीमा यादव, कविता बिश्वाल, रामदुलार साहू, के. राजू, चुम्मन वर्मा, मंडल अध्यक्ष बंटी प्रशांत गुप्ता, ओम प्रकाश साहू, संजय यादव, बिशेश्वर वर्मा, बाली बर्मन, संजय शर्मा, करीम खान, कमलेश साहू, मेघनाथ साहू, लल्लन सिंह, दुर्योधन साहू, ओमप्रकाश यादव, संतोष ठाकुर, उमेंद वर्मा, यशवंत राजपूत, डॉ. हरीश वर्मा सहित उप अभियंता सचिन भागवत, हरीश साहू, मोहन वर्मा, रामू देवांगन, हीम्मत मंडावी, शिवाजी प्रसाद, पुरूषोत्तम सोनी, मेघनाथ सोनी, बशीर खान, भानू चौहान, श्यामरतन, सीमा गुप्ता, शरद सिंह सहित आम जनता भारी संख्या में उपस्थित थे।



### अहिवारा में पहुंचे विधायक

**अहिवारा।** नगर पालिका परिषद अहिवारा के वार्ड 09 में नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण कार्यक्रम विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा की उपस्थिति में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप अभियंता पार्षदगण अधिकारी-कर्मचारीगण ,बीएसपी प्रबंधन से जामुलकर सांसद प्रतिनिधि व पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### धमधा मे जुटे ग्रामीण जन

**धमधा।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को राज्य के 115 नगरीय निकायों में नवनिर्मित अटल परिसरों का लोकार्पण किया। पंचायत धमधा, गार्डन के पास निर्मित अटल परिसर का वर्चुअल लोकार्पण भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों हुआ। धमधा में आयोजित अटल परिसर लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, दुर्ग जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट उपस्थित रहे। आयोजन में पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें श्री मालिक मोहम्मद (सभापति एवं पार्षद), श्री चेतन सोनकर (सभापति एवं पार्षद), श्रीमती कुमारी बाई (सभापति एवं पार्षद), श्री चंद्रिका प्रसाद भट्ट (सभापति एवं पार्षद), श्री रमन लाल यादव (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद), आनंद धीमर, श्री विजय धीमर, श्रीमती दीप्ति गुप्ता, श्री डोमार सोनकर, श्रीमती शशि यादव उपस्थित रहे।




## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

**भिलाई।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है ।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।



# शहरवासियों को मिला अटल परिसर चौक, जेल तिराहा पहचाना जाएगा अटल परिसर के रूप में

## सांसद विजय बघेल ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती पर राज्य के 115 शहरों में नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वर्चुअल माध्यम से की। सुशासन दिवस के अवसर पर आज दुर्ग जिले के सुवा चौक में अटल परिसर प्रांगण में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का लोकार्पण दुर्ग सांसद विजय बघेल के करकमलों से किया गया। शहरवासियों को सौंदर्यीकरण के रूप में अटल परिसर चौक मिला है। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। 25 दिसंबर को भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का विधिवत लोकार्पण सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार, कलेक्टर अभिजीत सिंह, आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्यगण, पार्षदगण सहित तृप्ति चंद्राकर, सुरेंद्र कौशिक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बघेल ने कहा कि यह वर्ष देश के लिए रजत जयंती का वर्ष है। अटल जी की वाणी, उनकी कविताएं और विचार आज भी राष्ट्र को दिशा दे रहे हैं। अटल–आडवाणी का कमल निशान मांग रहा है हिंदुस्तान जैसे नारों के साथ उन्होंने देश को छह वर्षों तक विश्व पटल पर शीर्ष की ओर अग्रसर किया। उन्होंने बताया कि आज के दिन देशभर में 115 स्थानों पर अटल की प्रतिमाओं का अनावरण किया गया है। बाघमार ने कहा कि अटल जी को उनकी 101वीं जयंती पर एक महान राष्ट्रनेता, कवि और पत्रकार के रूप में स्मरण किया जा रहा है। वे पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री रहे, जिन्होंने मानवीय मूल्यों के साथ राष्ट्रसेवा की। उनके नियम कठोर लेकिन उद्देश्य जनकल्याणकारी थे।



### चरोदा में अटल का जन्म शताब्दी वर्ष मना



भिलाई। भारतीय जनता पार्टी चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर के नेतृत्व में भारत रत्न पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष के रुप में मनाया गया। इस दौरान पूर्व संध्या दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम चरोदा मंडल में किया गया! कार्यक्रम में शामिल भाजपा जिला मंत्री रश्मि सिंह, पारस जंघेल मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर मंडल, पूर्णिमा ठाकुर, प्रमिला तांडी, दिलीप साहू, वेंकट, टी रमना, अंकिता बनर्जी, ममता सिंह, उषा चौहान, सरिता ठाकुर, रेखा साहू, पूनम श्रीवास्तव, कल्पना बाला, अर्चना महतो शोभा ग्वारे, सीनू राव, केके शर्मा मौजूद थे।

### ग्राम सांकरा में भी हुआ आयोजन

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर 25 दिसम्बर को पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम सांकरा में 101 वीं जयंती के रूप में अटल चौक पर सरपंच रवि सिंगौर ने शैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लो मौजूद रहे। सरपंच रवि सिंगौर ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राष्ट्रपुरुष स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किए गए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को याद करते हुए उनकी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपसरपंच रामशरण बंधे, नंदकुमार पटेल, सांसद प्रतिनिधि मनहरण सिंगौर, संजय सिंगौर पंच सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।



### छत्तीसगढ़ के निर्माता है अटल बिहारी : विधायक ललित



रिसाली। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के प्रतिमा अनावरण समारोह में सैकड़ों लोगों ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को आजात शत्रु के रूप में परिभाषित किया। उन्होंने वर्चुअल कार्यक्रम रिसाली में बने अटल परिसर का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के शुरूआत में आयुक्त मोनिका वर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे राजनितीज्ञ है जिन्हें सुनने अपार भीड़ व विपक्ष के लोग इंतजार करते थे। उनकी भाषा शैली इतनी सटिक थी कि वे अपनी बात संक्षेप में पूरा करते थे। छत्तीसगढ़ के निर्माता के रूप में वे हमेशा वंदनीय रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे अनेक योजनाओं को विस्तारित करते हुए कहा कि भारत की दिशा और दशा को अटल बिहारी वाजपेयी ने बदली है। इस अवसर पर नगर पालिक निगम रिसाली के सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद सविता ढवस, ममता सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बैंक, अस्थाई और ठेका मजदूर संघ की वार्षिक आमसभा कल

भिलाई। बैंक व बीमा कर्मचारी अस्थाई और ठेका मजदूर संघ की वार्षिक आमसभा 27 दिसंबर को सुबह 11 बजे से सोनी पैलेस जेवरा सिरसा रोड आर्य नगर कोहका में आहुत की गई है। आमसभा को अध्यक्ष विजय येचुरी, उपाध्यक्ष गणेश डाहटकर, महासचिव सौरभ और कोषाध्यक्ष उमाकांत जुनघरे सहित अन्य आमंत्रित नेता संबोधित करेंगे।

### विद्यार्थी शिक्षा के साथ खेल संस्कृति और साहित्य में भी आगे बढ़े : ललित



दुर्ग। ग्राम धनोरा स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय परिसर में साहित्यिक, सांस्कृतिक और क्रीड़ा गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। विधायक ललित चंद्राकर ने विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित प्रतिभा, अनुशासन और रचनात्मकता की सराहना करते हुए विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल, संस्कृति और साहित्य में भी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना आवश्यक है। इस अवसर पर सरपंच रुलेश्वरी बंजारे, जनपद पंचायत सभापति जितेन्द्र टंडन, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष चन्द्रशेखर बंजारे, प्राचार्य डॉ. एए खान, नोडल अधिकारी विकास पंक्षारी, डॉ. हेमा कुलकर्णी सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पीएम से पत्र में यात्रियों व जन प्रतिनिधियों ने की मैप के अनुरुप पुनर्विकास की मांग

# पावरहाउस स्टेशन में सर्विस रोड ब्लाक गेट भी एक, यात्रियों को हो रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रधानमंत्री मोदी की अमृत भारत माडल स्टेशन योजना के तहत पावरहाउस स्टेशन के किए जा रहे पुर्नविकास के दौरान कुछ सुविधाओं का ध्यान नही रखे जाने का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। दिव्यांगों और बुजुर्गों के साथ आम मुसाफिरों का प्लेटफार्म में आवाजाही में परेशानी हो रही है। इसे देखते हुए जन प्रतिनिधियों व यात्री संघ ने पीएम को पत्र भेजकर मैप के अनुरुप स्टेशन का उन्नय किए जाने की मांग की है। इससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि पीएम के मांडल स्टेशन के तहत देशभर के 13 सौ स्टेशनों को चिन्हिंत कर उन्नयन किया जा रहा है। इस योजना के तहत यहां पावरहाउस व भिलाई नगर स्टेशन का भी पुनर्निर्माण किया जा रहा है। पावरहाउस का पुनर्विकास अंतिम चरण में है। स्टेशन के विस्तार, यात्री प्रतीक्षालय और गेट व टिकट काउंटर तथा लिफ्ट आदि कार्य प्रगति पर है। लेकिन स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के दौरान रेलवे द्वारा स्टेशन के मांडल मैप को नजरअंदाज कर एक ही गेट निर्माण करने के साथ सर्विस रोड को ब्लाक कर देने व प्लेटफार्म में दिव्यांगों के व्हील चेयर से आने जाने के लिए रेलवे ट्रैक पैदल मार्ग नहीं होने से भारी परेशानी हो रही है। इस मामले में यात्री संघ व जन प्रतिनिधियों द्वारा यहां दो माह पूर्व रेलवे जीएम का इस ओर ध्यानाकर्षित किया था। अब छग पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कांग्रेस के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र अरोरा ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर नार्म्म के अनुरुप यहां सभी ट्रेनों के स्टापेज व सर्विस रोड सहित सभी सुविधाओं की मांग की है। उन्होंने बताया है कि पावरहाउस में सर्विस रोड पर बेरिकेट्स लगाकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया गया है। इससे स्टेशन तक कारों व आटो आदि के नहीं आ पाने से बुजुर्गों, बीमारों व दिव्यागों, बच्चों और महिलाओं को परेशानी हो रही है। जबकि स्टेशन में लगे मांडल मैप में सर्विस रोड से गाड़ियों की आवाजाही को दिखाया गया है। पेट्रोल पंप के बाजू के रास्ते को भी ब्लाक कर दिया गया है। इसके अलावा मैप में जीई रोड की ओर एक ही प्रवेश गेट निर्माण किया गया है। जबकि अन्य स्टेशनों में दो गेट हैं। एक ही गेट बनाने से हादसे के दौरान यात्रियों को बाहर निकालने मे दिक्कत होगी। पीएम से सर्विस रोड खुलवाने व दूसरा प्रवेश द्वार बनवाने की मांग की गई है।

### पौने दो करोड़ रोजाना आय होने के बाद भी नहीं है अधिकतर ट्रेनों का स्टापेज






### पैदल पार मार्ग नहीं होने से परेशानी

पावरहाउस स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर 1 से प्लेटफार्म - 2 व 3 के बीच रेलवे ट्रैक पर के पैदल पार मार्ग को भी तोडकर बंद कर दिया गया है। इससे पैदल के अलावा दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों व बीमारों को तीनों प्लेटफार्मों में व्हील चेयर से आवाजाही परेशानी हो रही है। लिफ्ट और एस्केलेटर का निर्माण अब तक पूर्ण नहीं होने और पैदल पार मार्ग बंद कर देने से कई जरुरतमंद यात्री दस किमी दूर दुर्ग स्टेशन से सफर करने मजबूर हो रहे हैं। पीएम से संबंधितों की परेशानी को देखते हुए पैदल पार मार्ग जल्द बनवाने की मांग की गई है।

### नहीं हैं अधिकतर ट्रेनों के स्टापेज

पावरहाउस स्टेशन में यात्रियों से रोजाना रेलवे की आय करीबन पौन दो लाख रुपए है। इसके बाद भी यहां अधिकतर ट्रेनों का स्टापेज नही होने से शहर के लोगों को परेशानी हो रही है। श्री अरोरा ने बताया कि आरटीआई में रेलवे से पूछी गई जानकारी में स्टेशन की आय पौने दो लाख बताई गई है। जबकि सभी ट्रेनों के स्टापेज के लिए नियम के तहत दस हजार रुपए प्रतिदिन होना जरुरी है। पीएम व रेलवे जीएम से यात्रियों की परेशानी को देखते हुए सभी एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव की मांग की गई है।

## रिटेंशन की नई व्यवस्था कल्याण और अनुशासन में संतुलन : बीएसपी प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि टाउनशिप में रिटेंशन सुविधा का दुरुपयोग होने लगा है। अधिकांश मामलों में मकान निर्माण के नाम पर रिटेंशन लिया गया और प्रमाण प्रस्तुत किए गए, लेकिन यह व्यवस्था लंबे और अनाधिकृत कब्ज़े का माध्यम बनती चली गई। इसके चलते ही बीएसपी को रिटेंशन की नई व्यवस्था लागू करनी पड़ी है। यह कल्याण व अनुशासन के बीच संतुलन है। प्रबंधन द्वारा जारी मेल में बताया गया कि रिटेंशन विसंगति के कारण बेहतर लोकेशन और उच्च श्रेणी के क्वार्टर नियमित सेवा में कार्यरत कर्मचारियों के लिए भी उपलब्ध नहीं रह पाए। संयंत्र के विस्तार के साथ टाउनशिप की आवासीय आवश्यकता और बढ़ने वाली है, ऐसे में अनियंत्रित रिटेंशन असंतुलन पैदा कर रहा है। उच्च न्यायालय द्वारा 2016 में पारित आदेश में भी कहा गया है कि रिटायर होने अथवा कर्मचारी की मृत्यु के बाद उनके आश्रितों को इन आवासों पर बने रहने का कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं है। ऐसे मामलों मे निरंतर कब्ज़ा प्रथम दृष्टया में अवैध और अनाधिकृत माना जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय ने विशेष अनुमति याचिका में भी संदर्भित किया है कि स्थापित किया कि निर्धारित अवधि से अधिक समय तक क्वार्टर पर कब्ज़ा बनाए रखने की स्थिति में दंडात्मक किराया स्वाभाविक परिणाम है, जिसे कर्मचारी के देयकों व ग्रेच्युटी जैसी राशियों से भी समायोजित किया जा सकता है। बीएसपी में रिटेंशन पर दिए गए 1374 क्वार्टरों में से 1309 क्वार्टर निर्धारित अवधि से कहीं अधिक समय तक घिरे रहे। कई मामलों में कब्ज़ा 5 से 25 वर्षों तक खिंच गया और कुछ क्वार्टरों पर बकाया राशि दस लाख रुपये तक पहुँच गई। वर्तमान स्थिति में 150 एक्ज़ीक्यूटिव क्वार्टर अनधिकृत कब्जे में हैं। नॉन-एक्ज़ीक्यूटिव श्रेणी में एनक्यू-3 से एनक्यू-5 में 1200 क्वार्टर कब्जे में हैं। यदि ये क्वार्टर खाली होते हैं, तो एस-5 ग्रेड तक के बड़ी संख्या में कर्मचारियों को आवासीय सुविधा मिल सकती है। रिटेंशन के दुरूपयोग से सभी नए कर्मियों को आवास नही मिल पा रहे हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने 10.5 मिलियन टन विस्तार योजना से बड़ी संख्या में नए कर्मचारियों की भर्ती भी की जाएगी। इन नए कर्मचारियों के लिए संयंत्र टाउनशिप में आवास उपलब्ध कराना प्रबंधन की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। ऐसे समय में क्वार्टरों की उपलब्धता एक रणनीतिक आवश्यकता बन जाती है। हालांकि, रिटेंशन के नाम पर लंबे समय तक क्वार्टरों पर बने रहे अनाधिकृत कब्ज़ों और सुविधा के दुरुपयोग के कारण टाउनशिप पर दबाव लगातार बढ़ता गया है।

■ नॉन-एक्ज़ीक्यूटिव श्रेणी में एनक्यू-3 से एनक्यू-5 में 1200 क्वार्टर कब्जे में

# कचरे को दूसरी जगह फेंकने पर ब्लिंकिट के खिलाफ थाने में शिकायत, बड़ी मात्रा में फेंका था एक्सपायरी खाद्य पदार्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




बिना लाइसेंस चल रही ब्लेंकिट सर्विस कार्रवाई के लिए गई टीम बैरंग लौटी

भिलाई नगर निगम का स्वास्थ्य अमला ब्लिंकिट कंपनी की मनमानी पर लगाम नहीं लगा पा रहा है। पहले उसने निगम की टीम को अपने मॉडल टाउन में संचालित प्रतिष्ठान से भगा दिया। जब निगम ने चेतावनी देते हुए नोटिस जारी कर वहां का कचरा उठाव बंद किया तो अपनी गाड़ी में कचरा भरकर शहर में कहीं भी खाली प्लाट में उसे डंप करने लगा। वार्ड के कुछ लोगों ने उसकी कचरा गाड़ी को रात में पकड़ा और उसके बाद निगम के द्वारा स्मृति नगर चौकी में उसकी शिकायत की गई। जानकारी के अनुसार जोन-1 अंतर्गत जुनवानी में 22 दिसंबर की शाम करीब 5.30 बजे रजलू साहू नामक युवक द्वारा बड़ी मात्रा में कचरा फेंका गया था। इसमें एक्सपायरी खाद्य पदार्थ जैसे दूध, चिप्स आदि के पैकेट शामिल थे। निगम कर्मियों द्वारा पूछे जाने पर युवक ने बताया कि यह कचरा ब्लिंकिट कंपनी का है। जब निगम ने ब्लिंकिट के कर्मचारियों से बात की तो उन्होंने निगम कर्मियों से ही दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया। इसके बाद निगम के सफाई कर्मी हरीश राव ने ब्लिंकिट कंपनी पर कार्रवाई करने मांग को लेकर स्मृति नगर चौकी में लिखित शिकायत की।

■ निगम की चेतावनी और नोटिस का बाद भी मनमानी

### गुमास्ता लाइसेंस के बिना कारोबार

इससे पहले भी निगम की टीम ने यहां छापा मारा था। उसमें पाया गया कि ब्लिंकिट की यह शाखा अनुज्ञप्ति और गुमाश्ता लाइसेंस के बिना वार्ड-3 मॉडल टाउन में संचालित हो रही है। निगम के कर्मचारियों ने जब उसे नोटिस जारी कर उससे पावती में साइन मांगा तो कर्मचारियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया। निगम ने नोटिस जारी कर अनुज्ञप्ति लाइसेंस बनाने की हिदायत दी थी। उसके बाद भी उसने उसे अनदेखा किया और जब निगम की टीम कार्रवाई करने पहुंची तो सर्विस सेंटर ब्लिंकिट के मैनेजर ने निगम की टीम को न दस्तावेज दिखाएं और न ही कोई जानकारी दी। पंचनामा तैयार करने के दौरान मैनेजर ने हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। इसके बाद निगम की टीम बिना कार्रवाई किए वहां से बैरंग लौट गई थी।

## इंटक ने प्रबंधन से की मांग

# बीएसपी में 20% ठेका श्रमिकों की कटौती तत्काल बंद करे प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



स्टील ठेका श्रमिक यूनियन (इंटक) बीएसपी में बीस प्रतिशत ठेका श्रमिकों की कटौती तत्काल बंद किए जाने की मांग बीएसपी प्रबंधन से की है। ऐसा नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। साथ कर्मियों की सुविधा के लिए संयंत्र की सभी गेटों से सभी विभागों तक इलेक्ट्रानिक बस सुविधा शुरु किए जाने पर जोर दिया गया।

यूनियन की कार्यकारिणी की सेक्टर 4 कार्यालय में हुई। बैठक में बताया गया कि इस कटौती से बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक बेरोजगार हो रहे हैं, जिससे उनके परिवारों को भारी आर्थिक व सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शेष बचे श्रमिकों पर कार्य का अत्यधिक दबाव बढ़ गया है, जिसके कारण वे मानसिक तनाव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इंटक ने प्रबंधन से 20 प्रतिशत ठेका श्रमिकों की कटौती को तत्काल बंद करने की मांग की है। कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि यह कटौती वापस नहीं ली जाती है, तो यूनियन आंदोलन व प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी। इस संबंध में यूनियन अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि उपरोक्त सभी मांगों को लेकर बीएसपी प्रबंधन को पत्र लिखा जा चुका है और प्रबंधन से चर्चा की जाएगी। यदि प्रबंधन द्वारा उचित निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन किया जाएगा।

बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह सारवा, आर. दिनेश, गुरुदेव साहू, मनोहर लाल, रिकी राम साहू, संतोष ठाकुर, कान्हा राम, देवेंद्र कुमार, कुलेश्वर, दमन लाल आदि उपस्थित थे।

### ठेका श्रमिकों के लिए इलेक्ट्रिक बस चलाने की मांग

बैठक में मांग की गई कि अधिकांश श्रमिक अपनी मोटरसाइकिल गेट पर खड़ी कर पैदल ही कार्यस्थल तक जाते हैं, जिससे समय की बर्बादी होती है और जल्दबाजी में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मेन गेट, बोरिया गेट, खुर्सीपार गेट, मड़ौदा गेट एवं जोरातराई गेट से सभी विभागों तक शिफ्ट अनुसार इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाए। बैठक में यह मुद्दा भी उठाया गया कि संयंत्र के गेटों पर स्थित मोटरसाइकिल स्टैंड से आए दिन वाहन चोरी की घटनाएं हो रही हैं, जिससे श्रमिकों को भारी आर्थिक नुकसान और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन ने सभी गेटों के मोटरसाइकिल स्टैंड में निजी सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि चोरी की घटनाओं पर रोक लग सके।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं

## लाइव इवेंट

## बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति, मोहा मन



**भिलाई।** खुर्सीपार के स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान जी. सुरेश बाबे, मयंक अग्रवाल, शेख हुसैन तन्हा, पार्षद विनोद सिंह, अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी से अंजुम अली और उनकी टीम तथा छाया पार्षद अजीत सिंह सहित कई विशिष्टजन उपस्थित थे। आयोजन में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंकित आईटी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने इन बच्चों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। स्कूल संचालक हुसैन अली ने वार्षिक प्रतिवेदन रखा। वहीं प्रिंसिपल रशीदा खातून ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी शहनाज, स्पोर्ट्स प्रभारी शबनम शेख, आंचल, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी ज्योति और नीतू, क्राफ्ट और मॉडल हेड नाज परवीन और निकिता सहित अन्य लोगों का आयोजन की सफलता में विशिष्ट योगदान रहा।




## सिटी इवेंट

## पेंशनर्स के सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों को दें महत्व : आचार्य शर्मा



- दुर्ग भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने मनाया पेंशनर्स दिवस

**दुर्ग।** पेंशन दिवस को कभी नहीं भुलाया जा सकता। इसके लिये स्व. डीएसनकारा का संघर्ष और योगदान अतुलनीय है। उक्त बातें डॉ.महेश चन्द्र शर्मा ने कही। दुर्ग भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ द्वारा संघ कार्यालय केशरी नन्दन हनुमान मंदिर मीनाक्षी नगर दुर्ग पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संघ की उच्च शिक्षा शाखा के संभागीय संयोजक प्रो.महेश चन्द्र शर्मा थे। उन्होंने कहा कि पेंशन के मौलिक अधिकार के लिये उन्हीं के द्वारा दायर याचिका पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 17 दिसंबर 1982 को निर्णय लिया गया था। उक्त फैसले में स्पष्ट उल्लेख है कि पेंशन न कोई कृपा है, न अहसान और ना ही दान, अपितु अतीत में की गई सेवाओं का भुगतान है। समाज और शासन इस लिये पेंशनर्स के स्वाभिमान और अधिकारों का सम्मान भी करते हैं।

आचार्य डॉ.शर्मा ने कहा कि यह दिन शासन और समाज को हमेशा याद दिलाता रहेगा कि पेंशनर्स के सम्मान और सुरक्षा का हमेशा ध्यान रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्राचार्य पीडी वैष्णव ने स्व. नकारा को याद किया और उनकी सराहना की। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की दुर्ग सम्भागीय शाखा के महामंत्री पीआर साहू ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। वरिष्ठ नागरिकों ने मनोरंजक-ज्ञानवर्धक खेलों का भी आयोजन किया। पुरस्कार पाकर पेंशनर्स के चेहरे खिल उठे। मौके पर शीतल प्रसाद साहू,उत्तम कुमार टिकरिहा, घनश्याम देवांगन, अशोक कुमार कनेरिया आदि उपस्थित थे।



## खम्हरिया में मंड़ई मेला 28 को

**भिलाई।** गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन जय स्तंभ चौक खम्हरिया वार्ड-1 में किया जा रहा है। अध्यक्ष टोनी भारती ने बताया कि मंड़ई मेला का आयोजन 28 दिसंबर को दोपहर 3 बजे सत के दरबार पंथी पार्टी, टेकापार बोरी सतनाम आदर्श बालिका पंथी पार्टी रसामली नवागढ़ की प्रस्तुति 4 बजे और ध्वजारोहण कार्यक्रम शाम 5 बजे से पंथी नृत्य एवं बच्चों की सांस्कृतिक नृत्य की दी प्रस्तुति।



- बागेश्वरधाम के पीठाधिश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा जयंती स्टेडियम में प्रारंभ

# खामियां खुद में देखो और खूबियां दूसरों में देखो तो जीवन सफल बनेगा : धीरेंद्र शास्त्री



**सनातन धर्म के ध्वजवाहक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से जयंती स्टेडियम समीप मैदान में हनुमंत कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा ने नगर भ्रमण किया। जगह-जगह पं. धीरेंद्र शास्त्री का स्वागत किया गया। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं कलश लेकर गुजरीं। पॉवरहाउस चौक पर फ्लाई ओवर से फूलों की बारिश की गई। इसके बाद कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची। शाम करीब साढ़े 4 बजे कथा प्रारंभ हुई। पं. शास्त्री ने कहा कि भिलाई की पावन धरा वेदव्यास की भूमि है। इस्पात की भूमि है, जो पूरे विश्व में विख्यात है। यहां से सबसे ज्यादा आईआईटियन निकलते हैं। सेक्टर 9 के हनुमान महाराज की अद्भुत महिमा है। यह शक्ति की भूमि है, भक्ति की भूमि है। उन्होंने हनुमान चालीसा की जानकारी अपने मुखारविंद से हनुमंत भक्तों को श्रवण कराया।**

**भिलाई।** धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की वह पावन धरा जहां से महान संत पूज्य श्री गुरु घासीदास बाबा जी का दिसंबर के माह में जयंती का पर्व चल रहा है उन्होंने मनखे मनखे एक समान का नारा देकर समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। शास्त्री ने अपने मुखारविंद से आगे कहा कि हनुमान चालीसा तो सभी पढ़ते हैं सब गाते हैं लेकिन हनुमान चालीसा का अर्थ नहीं जानते इस भाव को हमें समझना है। खूबियां और खमियां हर इंसान पर होती है पर इंसान दूसरों में खामियां ढूंढता है। अपने में खूबियां जिस दिन इंसान अपने अंदर खामियों को ढूंढ कर दूसरों के अंदर खूबियां ढूंढने लग जाएगा वह दिन अपना जीवन सार्थक कर लेगा। उन्होंने कहा कि मैं भिलाई के बच्चे युवा छात्र छात्राओं से कहना चाहूंगा कि आप सभी जीवन में आपदा को अवसर बना ले अर्थात जीवन में कितनी भी संकट विपत्तियां आए उसे घबराए ना उसे आपदा को अवसर के रूप में बदलकर अपना जीवन को सफलता के मार्ग पर ले चले। जीवन में गुरु वह होता है जो हमें अंधकार से खींचकर उजाले की ओर ले चलता है वही सच्चा गुरु कहलाता है। जीवन में गुरु ही परिवर्तन लाता है। गुरु ही सत मार्ग दिखाता है। आप अपने जीवन में ऐसे गुरु का चयन करें, जो आपके जीवन को सत्मार्ग की ओर ले जा सके। पहले दिन आयोजनकर्ता राकेश पांडेय, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, विधायक डोमन कोर्सेवाड़ा, रमशिला साहू, पूर्व विधायक सावलाराम डहरे, दयाराम साहू, लाभचंद बाफना, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन उपस्थित रहे।



### भारत में कैंसर से ज्यादा खरतनाक मतांतरण और धर्मांतरण

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि भारत में कैंसर से ज्यादा खरतनाक मतांतरण और धर्मांतरण है। कांकेर में धर्मांरण के नाम पर जो हुआ वो अच्छा नहीं हुआ। हिंदुओं ने वहां एकता दिखाई यह अच्छी बात है। बांग्लादेश में हिंदू युवा के साथ जो हुआ है वह भारत में न हो। इसलिए हिंदुओं को एक जुट होना पड़ेगा। पूजा-पाठ के नाम धर्मांतरण करवाना गलत है। छत्तीसगढ़ में एशिया के सबसे बड़े चर्च के सामने कथा करेंगे। वो भी घर वापसी कर सकते हैं। जीवन जीने के लिए दो चीजें बहुत जरूरी है। पहला है व्यवस्था और दूसरा है आस्था। उन्होंने 27 दिसंबर को होने वाले दिव्य दरबार की जानकारी दी। बता दें कि कथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित है।

## धान की ज्वैलरी, खिलौने और शो पीस बनाने की दुर्ग के चंदू ने सिखाई कलाकारी और बारीकियां



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के खिलौने और हस्तकला के निर्माण, कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शिक्षा में कला की महत्ता बताते हुए एनसीईआरटी क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल में कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जहां दुर्ग के चंदू द्वारा धान की ज्वैलरी, खिलौने, शो पीस कलाकारी करके बच्चों को बारीकियां बताई। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग क्षेत्रों सहित दुर्ग, नारायणपुर खैरागढ़, मानपुर मोहला, महासमुंद के कलाकारों ने अपनी कला का प्रतिभा दिखाया।

जिसमें दुर्ग के चंदू द्वारा धान की ज्वैलरी, खिलौने, शो पीस कलाकारी करके बच्चों को बारीकियों को बताया ,कार्यशाला में संस्थान के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही लगी प्रदर्शनियों का संस्थान सहित जनजातीय संग्रहालय भोपाल के निर्देशक व अधिकारियों ने अवलोकन किया। इस कार्यशाला में समन्वयक डॉ. मकवाना और कार्यशाला स्त्रोत के रुप में डॉ. मोनिका सिंह, स्वाति अर्णव, रामकुमार वर्मा, द्रोण साहू ने भाग लिया।

## दुर्ग की टेबल टेनिस महिला टीम आल इंडिया स्पर्धा के लिए रवाना



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की टेबल टेनिस महिला टीम ओसमानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद में 27-29 दिसंबर तक आयोजित आल इंडिया प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि टेबल टेनिस महिला टीम ईस्ट जोन प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय में पहली बार आल इंडिया के लिए क्वालीफाई की है। टीम का प्रशिक्षण शिविर शासकीय कन्या महाविद्यालय, दुर्ग में आयोजित कराया गया। प्रस्थान के पूर्व टीम के सभी खिलाड़ी विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप से मुलाकात की। कुलसचिव ने खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, ड्रेस व जूता प्रदान किया गया। टीम के मैनेजर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव की सहायक प्राध्यापक डॉ. मंजरी सिंह और टेबल टेनीस प्रशिक्षक गीतांजली पाठक है। टीम में प्रज्ञा पाठक शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, अभिज्ञा कन्नोजे सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांधा भिलाई, दीप्ति मंडावी मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, अनुग्रह चैधरी महिला महाविद्यालय सेक्टर 9 भिलाई की खिलाड़ी शामिल है।

### सशस्त्र सीमा बल एसएसबी का मनाया गया 62 वां स्थापना दिवस

# एसएसबी के स्थापना दिवस पर खोड़गांव में ग्रामीणों ने खूब लगाए चौके-छक्के, बांटे कम्बल

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सशस्त्र सीमा बल एसएसबी का 62 वां स्थापना दिवस नक्सल प्रभावित कांकेर जिले के खोड़गांव में मनाया गया। इस बहुआयामी आयोजन में इस्पात नगरी भिलाई के बहुद्देशीय सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। जिसमें फाउंडेशन की ओर से ग्रामीणों के लिए मानवीय सहायतार्थ पहल की गई। वहीं खेलकूद में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और बच्चों ने उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।



### ग्रामीणों को बांटे कंबल

28वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, अंतागढ़ के अधीन सी.ओ.बी डी-समवाय, खोड़गांव में अरुण देवगम, कमांडेंट के कुशल नेतृत्व में जीई फाउंडेशन के सहयोग से बहुआयामी सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जीई फाउंडेशन के प्रदीप पिल्लई व संजय मिश्रा विशेष तौर पर शामिल हुए। आयोजन में शीतकालीन मौसम को ध्यान में रखते हुए आसपास के गांवों के जरूरतमंद ग्रामीणों को फाउंडेशन की ओर से कंबल का वितरण किया गया। इस मानवीय पहल ने ग्रामीणों को ठंड से राहत प्रदान करने के साथ-साथ उनके चेहरों पर सुरक्षा, अपनत्व एवं संतोष की मुस्कान बिखेर दी।

### विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान

इसके बाद खेल, अनुशासन एवं युवा सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम अंजरेल टीम, ग्राम सूप टीम, ग्राम परलभाट टीम तथा ग्राम खोड़गांव टीम ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को क्रिकेट से संबंधित खेल सामग्री, टी-शर्ट आदि वितरित की गईं। खेल भावना के साथ खेलते हुए ग्राम अंजरेल टीम को विजेता एवं ग्राम खोड़गांव टीम को उपविजेता घोषित करते हुए दोनों टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे युवाओं में उत्साह, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। एसएसबी के जवानों एवं शासकीय हाईस्कूल खोड़गांव के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां देते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में 28वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, अंतागढ़ महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## सिटी इवेंट

# 9245 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर किया सुरक्षित



**भिलाई।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा में राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान के अंतर्गत 55 पोलियो बूथ सेंटर पर 0 से 5 साल तक उम्र के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई गई। बीईटीओ व राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रभारी सैय्यद असलम ने बताया कि सभी पोलियों बूथ सेंटरों में पालकों ने अपने नौनिहालों को लेकर पहुंचे और दो दिनों में 9245 बच्चों को दवा पिलाकर सुरक्षित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में प्रेमलता चंद्राकर ने कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने लोगों से कहा पोलियों की जीत रखना है बरकार, तो हम सभी को पोलियों अभियान में स्वयं जागरूकता दिखाना चाहिए और मोहल्ले आस पड़ोस में लोगों को इसके लिए प्रेरित करके शिशुओं को पोलियों दवा पिलाने भेजना चाहिए। दलों को रेल्वे स्टेशन,बस स्टैंड, टैम्पो स्टैंड में भी यात्रियों की सुविधा के लिए तैनात किया गया था। जिससे कोई भी परिवार अपने बच्चों को पोलियों दवा पिलाने से वंचित ना रहे। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि अभियान की सफलता में सभी विभागों का समन्वय स्थापित किया गया स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला मितानिन, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका व संयोजक, स्वास्थ्य सुपरवाइजर,एल एच व्ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका स्वयं सेवी संस्था के सदस्यों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 9245 बच्चों को दवा पिलाकर सुरक्षित किया गया। दो दिन अभियान घर घर दल जाएंगे वहीं अस्पतालों में भी दवा पीने से वंचित लोगों को पोलियों दवा पिलाने व्यवस्था रखी गई है। कार्यक्रम में सेक्टर मेडिकल आफिसर डॉ शिखर अग्रवाल, डॉ कीर्ति तिर्की, आर विश्वास, फार्मासिस्ट स्मिता बागड़े, मीरा साहु, हिमांशु सूर्यवंशी, गंगाकंवर, मितानिने, स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, स्वयं सेवी संस्था के लोग सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे।

■ 0 से 5 साल तक उम्र के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर चलाया जागरुकता अभियान

## समाज इवेंट

# नगर कीर्तन का मुस्लिम समाज ने किया स्वागत, भाई-चारे का दिया संदेश



**भिलाई।** सिख समाज के दशम गुरु गोविंद सिंग साहिब के प्रकाश पर्व के मौके पर भिलाई शहर में नगर कीर्तन निकाला गया। भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं मुस्लिम समाज के लोगों ने इस दौरान पंज प्यारों का स्वागत फूल मालाओं से किया। वहीं सिख समाज की तरफ से गुरुद्वारा बाबा दीप सिंग शहीदान सुपेला के प्रधान ने गमछा पहनाकर भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर आसिम बेग का अभिनंदन किया। मुस्लिम समाज से आए हुए सभी लोगों ने सिख समाज के लोगों को बधाईयां दी। जिसमें प्रमुख रूप से ट्रस्ट के अध्यक्ष एम आसिम बेग, वज़ी अहमद, मुहम्मद वहीद खान, नसीम खान, मुहम्मद ज़मीर, अब्दुल शरीफ, ज़फ़र जावेद और शाहिद खान आदि शामिल थे। छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के चेयरमैन चहल, जनरल सेक्रेटरी गुरनाम सिंग, कमेटी के अन्य पदाधिकारियों व सिख समाज के प्रबुद्धजनों के साथ मुस्लिम समुदाय ने खुशियों में शामिल होकर बधाइयां दी।

## सिटी लाइव

# रिटायर्ड कर्मियों को शॉल और श्रीफल देकर दी विदाई, अनुभवों को किया याद



**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 में समारोह का आयोजन कर नवंबर में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को सम्मान विदाई दी। इन वरिष्ठ कर्मियों को सोसाइटी के अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी।श्री देवांगन ने सभी वरिष्ठ कर्मियों को कहा कि वरिष्ठ कर्मी न सिर्फ भिलाई स्टील प्लांट बल्कि हमारी सोसाइटी की भी धरोहर है और इनके अनुभवों का हम भविष्य में लाभ लेना चाहेंगे। ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गनाइजेशन से सेवानिवृत्त नरेंद्र कुमार रैदास, संजय द्विवेदी, नरेंद्र प्रकाश त्रिपाठी, अमृतलाल चंद्राकर, दीपक कुमार घुड़े, सत्यनारायण रेड्डी, रवि विक्रम अग्रवाल, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, पवन कुमार साहू, कंवल सिंह, आदूराम गोयल, नारद कुमार ठाकुर, गिरधारी लाल मंडावी, चंद्रिका प्रसाद गेंड्रे, सुरेंद्र कुमार प्रीतम, केशवराम सुन्हले, शिक्षा विभाग से होरीलाल, केशुराम, मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शॉप-1 ओमप्रकाश वर्मा और फाउंड्री शॉप से एसएन भट्टाचार्य ने भी अपनी बातें रखी और सोसाइटी के साथ अपने संबंधों को याद किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष असमां परवीन, अशोक राठौर, संचालक मंडल सदस्य विपिन बन्छोर, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर और नितिशा साहू तथा सोसायटी के कर्मियों में मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर, नारायण साहू एवं सुरेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## ● डीडीसी खुर्सीपार में पास्टर मुकेश कंवर ने की प्रभु यीशु की पूजा, गीत गाकर किया याद

# ट्विनसिटी में क्रिसमस की रही धूम, प्रभु यीशु के जन्म पर हुई विशेष प्रार्थना, बाइबल से पास्टर ने दिया संदेश, दिखा उत्साह





**भिलाई।** शहर में मसीह समाज का प्रमुख त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्रभु यीशु के स्वागत में रंगबिरंगी रोशनी से जगमगाए चर्चों में आराधना हुई। 25 दिसंबर क्रिसमस डे के दिन विशेष प्रार्थना सभा भी हुई। प्रभु यीशु के जन्म दिन को बड़े उत्साह के साथ जिले में मनाया गया। इस दिन को सेलिब्रेट करने इस्पात नगरी में तीन दर्जन से अधिक चर्च में इसके लिए विशेष तैयारियां की गई थी। डीडीसी चर्च खुर्सीपार, चर्च ऑफ गार्ड सुपेला, मसीह प्रार्थना भवन भिलाई, ज्योति चर्च चरोदा, सालेम चर्च भिलाई तीन, सीसी चर्च सेक्टर 6. मेनू नाइट चर्च दुर्ग, सीएनआई चर्च, सेंट मैरी चर्च, कैथोलिक चर्च सेक्टर 6, मार्योमा आदि चर्चों में प्रभु यीशु के जन्म दिन को मनाया गया। सभी चर्चों में पास्टरो ने बाइबल के वचनों का प्रचार किया गया। इसके अलावा प्रभु यीशु के बारे में विस्तार से बताया गया। चर्चों में गीत संगीत गाकर यीशु को मसीह समाज के लोगों ने याद किया। प्रमुख गिरजाघरों को रंग-बिरंगे लाइटों व मालाओं से चर्चों को सजाया भी गया था। एक दिन पहले ही क्रिसमस की तैयारी की गई थी। डीडीसी खुर्सीपार में पास्टर मुकेश कंवर ने की प्रभु यीशु के जन्म पर विशेष प्रार्थना की और बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

### गीत संगीत से गूंजा गिरजाघर



क्रिसमस के दिन इस्पात नगरी के सभी गिरजाघरों में प्रभु यीशु को याद कर उनके जन्म पर गीत संगीत गाकर एक दूसरे को बधाई समाज के लोगों ने दी। चर्च कैंपस इस बार विभिन्न तरह की रंगीन लाइटों से रोशन किया गया। डीडीसी चर्च में छोटे बच्चों ने प्रभु यीशु के जीवन के बारे में गानों से कर दिखाया। पास्टर मुकेश कवर ने चर्च में प्रभु यीशु के जीवन के बारे में विस्तार से लोगों को बताया।

**क्रिसमस ट्री का अलग महत्व है :** प्रभु यीशु के स्वागत के लिए रंगबिरंगी रोशनी के साथ क्रिसमस ट्री लगाने का अलग महत्व होता है। हर साल की तरह सभी गिरजाघरों में प्रभु यीशु के आगमन को लेकर मसीह समाज के लोग उत्साह से मनाए। क्रिसमस की खुशी को खास बनाने के लिए मसीही समाज ने प्रभु के जन्म पर जमकर पटाखा फोड़कर खुशी जाहिर की। जगह जगह प्रार्थना समाओ के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे परिवार के कार्यक्रम में लोग शामिल हुए थे।



### क्रिसमस पर दिखा सद्भावना का शानदार नजारा





**भिलाई।** क्रिसमस पर्व के मौके पर गुरुवार को शहर में सद्भावना का शानदार नजारा दिखा। यहां विभिन्न धर्म व समुदायों के प्रतिनिधियों ने अलग-अलग चर्च में पहुंच कर मसीही परिवारों को क्रिसमस पर्व की मुबारकबाद दी। भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट सेक्टर-6 के पदाधिकारी, बौद्ध समुदाय के प्रतिनिधि व अन्य सामाजिक संगठन के लोग सुबह से शहर के अलग-अलग चर्च पहुंचे और यहां प्रार्थना के बाद बाहर निकल रहे परिवारों को क्रिसमस की मुबारकबाद दी। क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर-6 में बड़ी संख्या में अलग-अलग धर्म व संगठनों के प्रतिनिधि पहुंचे। सभी ने यहां सुबह की प्रार्थना और इसके बाद केक काटने के दौरान अपनी उपस्थिति दी। सामाजिक भाईचारा मजबूत करने पर बल दिया। चर्च की ओर से रेव्ह तर्पण अरुण, रेव्ह सुनील एस जॉन, रेव्ह सलीम खलखो, रेव्ह एडिसन सागर, पास्टर राजीव अर्नाल्ड, पास्टर अजय लारेंस, पास्टर राजेंद्र साहू और पास्टर एस चंद्रशेखर सहित मसीही परिवारों ने सभी मेहमानों का आभार जताया। इस दौरान मुबारकबाद देने वालों में मुख्य रूप से भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर एम आसिम बेग, वज़ी अहमद , शमशेर खान और असद उद्दीन हैदर के साथ सज्जाद हुसैन, मुहम्मद जाकिर हुसैन, बौद्ध समाज से जी डी राऊत, तरुण भिवगडे, डॉ. नागवंशी खापर्डे के साथ आर डी कोरी, हरीश चंद्र कोसरे, सतीश चंद्र सोनकर बलदाऊ प्रसाद चंद्राकर और अविनाश राने सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कार्यक्रम की बनाई योजना

# सरयूपारीय ब्राह्मण समाज की बैठक में हुई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा, लिए गए निर्णय



**भिलाई।** सरयूपारीय ब्राह्मण समाज के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें समाज के विभिन्न विषयों की चर्चा की गई। साथा ही सर्व हिन्दू संगठनों द्वारा छत्तीसगढ़ बंद की सफलता के लिए समस्त व्यवसायिक संगठनों व छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स को विशेष सहयोग के लिए बधाई देते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने सभी विषयों पर क्रमवार चर्चा कर आगे होने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार की।

सरयूपारीय ब्राह्मण समाज ने बागेश्वर धाम के पीठाधिश्वर महाराज धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के भिलाई आगमन को इस्पात नगरी के आम नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पहुंच कर हनुमंत कथा का पुण्य लाभ लेने अपील की। भिलाई के जयंती स्टेडियम के पास स्थित मैदान में 25 से 29 दिस्मबर तक महाराजा श्री की हनुमंत कथा दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक प्रतिदिन अनवरत चलेगी।

बैठक में समाज की ओर से बंगलादेश में हिन्दुओं के प्रति हो रहे अत्याचार एवं दीप चंद्र दास की नृशंस हत्या पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए भारत सरकार से आग्रह किया गया कि हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाया जाए। बैठक में समाज के सदस्य एवं क्षेत्र के लोकप्रिय शिक्षाविद आलोक त्रिपाठी के निधन को शिक्षा जगत अपूरणीय क्षति बताते हुए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में नागेन्द्र पाण्डेय, शंकर चरण पाण्डेय, विष्णु पाठक, महेश तिवारी एवं रामलखन मिश्रा सहित समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## शपथ ग्रहण समारोह

# भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारियों ने ली शपथ, की गई सामूहिक वंदना



**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा संस्था पंजीयन क्रमांक 1119 के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सेक्टर–6 स्थित डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया। तथागत भगवान गौतम बुद्ध तथा भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में भिक्खु संघ की गरिमामय उपस्थित रही और त्रिशरण पंचशील की सामूहिक वंदना की गयी। समारोह में रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे और बीएसपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डॉ. उदय धाबर्डे, सविता मेश्राम, सुरेन्द्र कुमार वैद्य अतिरिक्त जिलाधिकारी जिला कोरिया, संयुक्त सचिव परिवहन विभाग कमलेश बंसोड़ सहित अन्य अतिथि एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भारतीय बौद्ध महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद वासनिक सहित उपाध्यक्ष रंजु खोबरागड़े, महासचिव वीरेंद्र गजभिए, अशोक नंदेश्वर सचिव एवं कोषाध्यक्ष हरिकिशन भोवते और लेखपाल अशोक शामकुवर सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ली। इस अवसर पर अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों ने अपने संबोधन में नवनिर्वाचित समिति को अपना आशीर्वाद दिया और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करवाने में मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल उमाकांत, सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रभाकर खोबरागड़े, नरेश मेश्राम, अनिल रंगारी और भारती खांडेकर और प्रबुद्ध बांगरे का सहयोग रहा।

**पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए**

## भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन, वक्ताओं ने विश्व में श्रेष्ठ बताया

कार्नर न्यूज

# भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व की प्राचीन, समृद्ध और निरंतर विकसित होने वाली परंपराओं में से एक है, जो आज भी प्रासंगिक : गोविंद

**भिलाई।** भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के तत्वावधान में सियान सदन वैशाली नगर में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर बुजुर्गो संग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा समाज एवं देश को दिशा देने वाली अमूल्य धरोहर है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। इस अवसर पर नेहा वार्ष्णेय की अंग्रेजी पुस्तक हीलिंग ए जर्नी फ्राम पेन टू पावर का विमोचन किया गया। साथ ही वरिष्ठ नागरिक रतनलाल गोयल, डॉ. एच. आर. वार्ष्णेय, सुरेशचंद्र जैन एवं सुरेश रत्नानी का सामूहिक जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान गायक जोसफ, दीपक ताहिलरामानी, संतोष जाटव, संतोष शुक्ला एवं दिनेश गुप्ता ने अपनी सुमधुर भजन एवं पुराने गीतों से समां बांधा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता साहित्यकार गोविंद पाल, आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा, साहित्यकार नेहा वार्ष्णेय, राजकिशोर गुमास्ता सहित महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे।



### भारत ऋषि और कृषि परंपराओं वाला देश

डॉ. महेशचंद्र ने कहा कि सदियों से गुरुकुल, परिवार और समाज में बुजुर्गों की अनुभवी पीढ़ी ने भारतीय ज्ञान परंपरा को निरंतर समृद्ध किया है। भारत ऋषि और कृषि परंपरा वाला देश है। यही इसकी श्रेष्ठता है। भारतीय ज्ञान परंपरा की सबसे बड़ी विशेषता इसकी व्यापकता और सहिष्णुता है। उन्होंने व्याख्या करते हुए कहा कि वेदों, उपनिषदों, लोककथाओं, कहावतों, भजनों और रीति-रिवाजों को बुजुर्गों ने स्मृति और अनुभव के सहारे अगली पीढ़ी तक पहुंचाया।

**भारत की श्रेष्ठता आज भी बरकरार :** गोविंद पाल ने संगोष्ठी में आधार वक्तव्य देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व की सबसे प्राचीन, समृद्ध और निरंतर विकसित होने वाली परंपराओं में से एक है और आज भी प्रासंगिक है। । उन्होंने तक्षशिला जैसी संस्थानों की गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को उत्कृष्ट बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को मुगलों, अंग्रेजों एवं आक्रांताओं ने हर तरह से नष्ट करने की कोशिशें की।

### भारतीय ज्ञान परंपरा मनुष्य को श्रेष्ठ बनाती है



अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा मनुष्य को श्रेष्ठ विचार, सदाचरण, धर्म और लोकमंगल के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य का सशक्त मार्गदर्शक है। यह परंपरा हमें जीवन जीने की कला, कर्तव्य और करुणा, ज्ञान और विवेक, तथा व्यक्ति और समाज के संतुलन एवं उत्कृष्टता का बोध कराती है। संगोष्ठी में राजकिशोर गुमास्ता, नेहा वार्ष्णेय, रामायण मिश्रा आदि ने संबोधित करते हुए भारतीय संस्कृति, दर्शन, धर्म , नैतिक मूल्यों और जीवन-पद्धति पर अपने विचार साझा किए। सभी ने इसे श्रेष्ठ बताया। संगोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार गोविंद पाल एवं नेहा वार्ष्णेय ने अपनी स्वलिखित पुस्तकें तथा वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार गुमास्ता ने गीता प्रेस द्वारा प्रकाशित 25 पुस्तकों एवं ग्रंथों का एक सेट वैशाली नगर सियान सदन के पुस्तकालय को भेंट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक महासंघ के पदाधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता, शिवप्रसाद साहू, राधेश्याम प्रसाद, गंगाचरण पुरोहित, धानेश्वर कुमार निर्मल, रामायण मिश्रा, राजपाल सिंह राघव, राम बोरकर, सुषमा सहित वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राजस्थान के विरुद्ध ड्रॉ रहा मैच अंशुमन के शानदार 104 रन



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर-16 विजय मर्चेन्ट मल्टी डे ट्रॉफी 2025 का आयोजन 07 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (23-25 दिसंबर) ग्वालियर, मध्य प्रदेश में राजस्थान अंडर-16 टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन राजस्थान अंडर-16 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 72 ओवरों में 10 विकेट खोकर 192 रन बनाए। छत्तीसगढ की ओर से चंद्रांश यादव ने 58 रन बनाये। आदित्य बैदवाल तथा प्रतीक गंधर्व ने 26-26 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त उज्जवल मरकाम ने भी 23 रन बनाये। राजस्थान की ओर से रोहन चैधरी, भव्य अगल तथा अनुराग लखन ने 3-3 विकेट लिए। राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 92.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 211 रन बनाये। राजस्थान की ओर से अनुराग लखन ने 67 रन, रोहन चौधरी ने 47 रन तथा यश शर्मा ने 41 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से यर्थाथ सिंह चौहान ने 3 विकेट, अरहम नाहर तथा तुश्या प्रजापति ने 2-2 विकेट तथा अर्शवीर सिंह भाटिया ने 1 विकेट लिया।

मैच की समाप्ति तक छत्तीसगढ ने अपनी दूसरी पारी में 103.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 282 रन बनाये हैं। छत्तीसगढ की ओर से अंशुमन ठाकुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये 104 रन बनाये। उनके अतिरिक्त चंद्रांश यादव ने 58 रन तथा उज्जवल मरकाम ने 29 रनों का योगदान दिया तथा मैच ड्रा कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजस्थान की ओर से भव्य अगल तथा अनुराग लखन ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। छत्तीसगढ ने नॉक आउट राउंड में प्रवेश किया।

### नेशनल तैराकी में रजत पदक हासिल किया शिवांगिनी ने



**रायपुर।** 69 वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों का आयोजन दिल्ली में 12 से 17 दिसंबर तक किया गया। जिसमें बिलासपुर की शिवांगिनी पांडे ने 50 मीटर बटरफ्लाई में सिल्वर मेडल प्राप्त कर छत्तीसगढ़ और बिलासपुर का नाम रौशन किया। इस बड़ी उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ तैराकी संघ के अध्यक्ष एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शिवांगिनी को अपने रायपुर स्थित निवास में अभिनंदन कर बधाई देते हुए और आगे भी ऐसे ही मेहनत करते हुए गोल्ड मेडल हासिल करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ सोमनाथ यादव पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़ शासन, हेमंत सिंह परिहार संयुक्त सचिव छत्तीसगढ़ तैराकी संघ एवं कोच शंकर पांडेय उपस्थित रहे।

### अंतर जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ




**भिलाई।** वॉलीबॉल कॉम्पलेक्स पंत स्टेडियम सेक्टर-1 भिलाई में दुर्ग कॉरपोरेशन वॉलीबॉल एसोसिएशन, एससी एंड सीए और भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय बीरा सिंह की स्मृति में आयोजित 20वीं सीनियर छत्तीसगढ़ राज्य अंतर-जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर और सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू की अनुपस्थिति में उनकी माता बीबी कुलवंत कौर के साथ सर्व समाज कल्याण समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण समारोह में सम्मिलित हुए। उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि पवन कुमार अधिशासी निदेशक- एचआर बीएसपी, विष्णु पाठक महाप्रबंधक टीएसडी बीएसपी, राजेंद्र प्रसाद ओलंपियन एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता, हेम प्रकाश नायक आयोजन सचिव एवं सचिव, सीजीएसवीए, मोहम्मद अकरम, सतेंद्र पांडे उपस्थित थे।

### ओपन जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी मे भाग लेगी छत्तीसगढ़ की टीम

**रायपुर।** 51वी ओपन जूनियर कबड्डी (बालिका) चैंपियनशिप मे भाग लेने छत्तीसगढ़ की बालिका टीम रवाना हुई। इस संबंध मे जानकारी देते हुए एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि ओपन कबड्डी का यह आयोजन 25 से 28 दिसंबर तक दमदम जेल ग्राउंड कोलकाता मे आयोजित है। इस प्रतियोगिता मे चयनित खिलाड़ियों को कबड्डी किट व ट्रैकशूट छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ अध्यक्ष शशिकांत बघेल व कोषाध्यक्ष सेवाराम साहू ने प्रदान किया। इससे पूर्व इन चयनित खिलाड़ियों के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भिलाई चरोदा मे आयोजन किया गया था। टीम में राधिका यादव (कप्तान) ट्विंकल साहू, भामिनी, तारकेश्वरी साहू, अंजलि यादव, मीनाक्षी, नूतन राजवाडे, देविका, शालिनी यादव, भेजवानतिन, देविका रजक, गोमती निषाद व पुष्पा देवी का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

## बाजार में मिलने वाले प्रोटीन पाउडर के स्वास्थ्य संबंधित नुकसान चिंता का विषय

# बॉडी बनाने के शौक में प्रोटीन पाउडर लेना जरूरत बन गया है तो हो जाएं सावधान, फायदे की जगह हो सकते हैं कई नुकसान

प्रोटीन पाउडर को लेकर किए गए अध्ययन में कई चौंकाने वाली बीतें सामने आईं। कहीं आप भी तो इसका अधिक सेवन नहीं करते हैं? शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए प्रोटीन कितना जरूरी पोषक तत्व है ये किसी से छिपा राज नहीं है। मांसपेशियों के निर्माण, शरीर को ताकत देने, कोशिकाओं को स्वस्थ रखने के साथ आपको बेहतर लुक देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। यही कारण है कि जिम जाने वाले लोगों के बीच प्रोटीन की मांग और भी अधिक होती है। वैसे तो सभी लोगों को नियमित रूप से प्रोटीन की जरूरत होती है पर जो लोग व्यायाम करते हैं उन्हें अधिक मात्रा में इसके सेवन की सलाह दी जाती है ताकि मांसपेशियों में मजबूती आ सके।

आजकल स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक लोगों के बीच प्रोटीन पाउडर का उपयोगआम हो गया है। हालांकि, बाजार में मिलने वाले प्रोटीन पाउडर के स्वास्थ्य संबंधित नुकसान भी चिंता का विषय रहे हैं। बाजार में नकली या मिलावटी प्रोटीन पाउडर बेचे जाने की खबरें भी सामने आती रही हैं। इनमें सस्ते और हानिकारक रसायनों का उपयोग किया जाता है, जो स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकते हैं।



### कहीं आप भी तो प्रोटीन पाउडर नहीं ले रहे हैं?

प्रोटीन पाउडर में हो सकती है स्टेरॉयड की मात्रा

जिम से लौटने के बाद एक गिलास दूध या स्मूदी में प्रोटीन पाउडर मिलाकर पीना आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक सरल तरीका लग सकता है। आखिरकार, प्रोटीन मांसपेशियों, हड्डियों की मजबूती और शरीर के कई कार्यों के निर्माण और रखरखाव के लिए आवश्यक है। लेकिन सावधान रहें, बाजार में मिलने वाले प्रोटीन पाउडर आपके लिए फायदेमंद हों ये जरूरी नहीं है। शरीर को तेजी से सुडौल बनाने के लिए कई प्रोटीन पाउडर में स्टेरॉयड की मात्रा देखी गई है जिसके सेहत पर कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं।

### प्रोटीन पाउडर के नुकसान



प्रोटीन पाउडर के नुकसान को लेकर किए गए अध्ययन में कई चौंकाने वाली बीतें सामने आईं। क्लीन लेबल प्रोजेक्ट नामक एक गैर-लाभकारी समूह ने प्रोटीन पाउडर में विषाक्त पदार्थों के बारे में रिपोर्ट जारी की। शोधकर्ताओं ने 134 उत्पादों की जांच की और पाया कि कई प्रोटीन पाउडर में भारी धातुएं जैसे (लेड, आर्सेनिक, कैडमियम और मर्करी), बिस्फेनॉल-ए (बीपीए, जिसका उपयोग प्लास्टिक बनाने के लिए किया जाता है) और सेहत के लिए नुकसानदायक कई अन्य तत्व हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, एक प्रोटीन पाउडर में बीपीए की अनुमत सीमा से 25 गुना ज्यादा मात्रा थी।

यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ प्रोटीन पाउडर या सप्लीमेंट्स की जगह प्राकृतिक स्त्रोतों से इसे प्राप्त करने की सलाह देते हैं।



### प्रोटीन सप्लीमेंट्स के क्या नुकसान हैं?

प्रोटीन सप्लीमेंट्स, विशेषकर दोयम दर्जे के सप्लीमेंट्स सेहत को कई प्रकार से नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### पाचन तंत्र की समस्या

कुछ प्रोटीन पाउडर में हाई-प्रोसेस्ड सामग्री होती है, जो पाचन समस्याओं जैसे गैस, ब्लोटिंग, डायरिया या पेट दर्द का कारण बन सकती है।

### किडनी की बीमारियां

अत्यधिक प्रोटीन पाउडर का सेवन किडनी पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती है, जिससे किडनी से संबंधित समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है, विशेषकर यदि व्यक्ति पहले से किडनी की बीमारी से ग्रस्त हो। ज्यादातर प्रोटीन सप्लीमेंट्स में स्टेरॉयड की मात्रा होती है जो किडनी की सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक है।

# मूलांक 1 वाले जरूर पहनें इन रंगों के वस्त्र, जीवन में मिलेगी सफलता

मूलांक 1 वाले जातक सूर्य ग्रह से प्रभावित होते हैं। इनकी कुंडली में सूर्य ग्रह की स्थिति मजबूत होती है, जिसके फलस्वरूप इनके जीवन में अनेक सकारात्मक गुण देखने को मिलते हैं। मूलांक 1 वाले जातक आत्मविश्वास से भरपूर होते हैं। इनमें नेतृत्व क्षमता कूट-कूटकर भरी होती है।

ये लोग स्वतंत्र चरित्र के धनी होते हैं। इन्हें किसी पर निर्भर रहना पसंद नहीं होता है। ये लोग निर्णायक और साहसी होते हैं। ये किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। इनमें रचनात्मकता कूट-कूटकर भरी होती है। ये लोग हर काम को रचनात्मक तरीके से करना पसंद करते हैं। मूलांक 1 वाले जातक जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं। अब ऐसे में मूलांक 1 वाले जातकों के लिए कौन सा रंग शुभ है। इन्हें किस रंग का वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।



**मूलांक 1 वाले पहनें पीले रंग का वस्त्र:** यह रंग आत्मविश्वास, ऊर्जा, रचनात्मकता और सफलता का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोग स्वाभाविक रूप से नेता होते हैं, और पीला रंग उनके नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। इसलिए मूलांक 1 वाले जातक पीले रंग के वस्त्र पहनें।

**मूलांक 1 वाले पहनें सुनहरे रंग का वस्त्र:** मूलांक 1 वाले सुनहरे रंग के वस्त्र पहनें। यह रंग समृद्धि और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोग महत्वाकांक्षी होते हैं, और सुनहरा रंग उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। साथ ही जातक को जीवन में हमेशा सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**मूलांक 1 वाले पहनें नारंगी रंग के वस्त्र** :मूलांक 1 वाले नारंगी रंग के वस्त्र जरूर पहनें। यह रंग उत्साह, जोश और साहस का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोग ऊर्जावान होते हैं, और नारंगी रंग उन्हें अपनी ऊर्जा को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

**मूलांक 1 वाले न पहनें काला रंग के वस्त्र:** मूलांक 1 वाले काले रंग के वस्त्र भूलकर भी न पहनें। यह रंग नकारात्मकता, रहस्य और अंधेरे का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोगों को काले रंग से बचना चाहिए, क्योंकि यह उनकी ऊर्जा को कम कर सकता है।

**मूलांक 1 वाले न पहनें भूरे रंग के वस्त्र** : मूलांक 1 वाले भूरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। यह रंग उदासी, नीरसता और स्थिरता का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोगों को भूरे रंग से भी बचना चाहिए, क्योंकि यह उन्हें आलसी बना सकता है।

# भूलकर भी इन चीजों को मिक्सर ग्राइंडर में डालने की गलती न करें



अक्सर आपने देखा होगा किसी किसी की मिक्सी का ब्लेड बहुत जल्दी टूट जाता है, या उसकी शार्पनेस खराब होने लगती है। जिसको हमें बार-बार पैसा देकर ठीक कराना पड़ता है। क्या आप जानते हैं ऐसा किस वजह से होता है?

### साबुत गर्म मसाला

गरम मसाला बनाने के लिए कई तरह की चीजों को पीसना पड़ता है। उनमें से कुछ सॉफ्ट तो कुछ बहुत ही ज्यादा हार्ड होती हैं। ऐसे में कुछ लोग गरम मसाला पीसते हुए उन सभी चीजों को एक साथ जार में डालकर पीस देते हैं। जिसके चलते ब्लेड पर प्रेशर पड़ता है और उसकी धार या कभी-कभी ब्लेड भी टेड़ा हो जाता है या टूट जाता है। आप जब भी गरम मसाला पीसें तो उसको पहले खल्लड़ में डालकर कूट लें। हल्का दरदरा हो जाने के बाद अब आप उसे मिक्सी में डालकर पीस सकती हैं। ऐसा करने से आपका मिक्सी जार खराब नहीं होगा।

### बर्फ के टुकड़े

अक्सर हम लोग जब कभी घर पर लस्सी, कोल्ड कॉफी या शेक बनाते हैं, तो मिक्सर ग्राइंडर में बड़े-बड़े बर्फ के टुकड़े डाल देते हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। इसके लिए या तो आप बाहर निकालकर बर्फ मिलाएं या फिर आइस क्यूब्स को तोड़कर जार में डालें। बड़े बर्फ के टुकड़े ब्लेड में अटकते हैं, जिससे टूटने का डर बना रहता है।



# भूलने की समस्या से रहते हैं परेशान तो करें इन योगासनों का अभ्यास

भूलने की समस्या कई कारणों से हो सकती है जिसमें एक प्रमुख वजह उम्र बढ़ने के साथ मस्तिष्क की कोशिकाएं कमजोर होना है। हालांकि लोग कम उम्र में भी चीजें और जरूरी बातें व काम भूल जाते हैं। भूलने की ये समस्या उन्हें अक्सर परेशानी में डाल देती है। दवाओं के सेवन से स्मरण शक्ति कमजोर हो सकती है। शराब व तंबाकू के सेवन से भी याददाश्त पर नकारात्मक असर होता है। विटामिन की कमी स्मरण शक्ति कमजोर बनाती है। इसके अलावा तनाव व चिंता ध्यान भटकाती है, जिससे याददाश्त की समस्या हो सकती है। याददाश्त में सुधार के लिए मस्तिष्क स्वास्थ्य को बेहतर और ध्यान को बढ़ाने की जरूरत होती है। इसके लिए योग बेहतर प्राकृतिक उपचार है। योग मस्तिष्क की कोशिकाओं को मजबूती देता है। योग से ध्यान और एकाग्रता बढ़ती है। ये दिमाग को तेज बनाता है, तनाव कम करता है और दिमाग की ऊर्जा का संतुलन बेहतर करता है। याददाश्त तेज करने के लिए यहां कुछ योगासनों के बारे में बताया जा रहा है,जिसका अभ्यास बच्चों से लेकर बड़े तक कर सकते हैं।

### पद्मासन

पद्मासन जिसे कमल आसन भी कहते हैं के अभ्यास से एकाग्रता बढ़ती है। ये आसन मन शांत रखने में सहायक हैं। दिमाग को शांत करके ही याददाश्त को बढ़ाया जा सकता है। पद्मासन के अभ्यास के लिए हाथों और घुटनों के बल बैठकर सांस लें और घुटनों को जमीन से उठाएं। पैरों को जितना हो सके पीछे की ओर फैलाएं। सिर को नीचे रखें और एड़ियों को जमीन पर दबाएं। कुछ सेकंड इसी स्थिति में रहें।



### त्रिकोणासन

ये आसन शरीर को लचीला बनाने के साथ ही तनाव को भी कम करता है। त्रिकोणासन के अभ्यास से मस्तिष्क में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे स्मरण शक्ति में सुधार आता है। त्रिकोणासन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर दोनों पैरों के बीच 2 से 3 फुट की दूरी रखें। अब दाहिने पैर को आगे बढ़ाकर 90 डिग्री के कोण में घुमाएं। हाथों को बगल में फैलाकर कंधों के स्तर तक ले जाएं।

### भ्रामरी प्राणायाम

प्राणायाम मन और मस्तिष्क को स्थिर रखने में असरदार है। भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास दिमाग तेज बनाने के लिए कर सकते हैं। इस आसन को करते समय गहरी सांस ले और फिर छोड़े। इस आसन से मन शांत, तनाव और चिंता कम होती है। साथ ही एकाग्रता और याददाश्त में सुधार होता है।



कार्नर न्यूज

## पुरुषों के मन में अक्सर उठने वाले सवालों का जवाब है यहां

# इन बातों पर लड़कियां आसानी से हार जाती हैं दिल, नौजवान अपने में तलाशें इन खूबियों को

लड़कियों को लड़कों की कौन सी बातें अच्छी लगती हैं?अक्सर पुरुषों के मन में ये सवाल उठता है। लेकिन इस सवाल के कई जवाब हैं। कुछ जवाब असाधारण हैं तो कुछ बिल्कुल साधारण। ये साधारण वाले जवाब ऐसे हैं जिनके साथ आपको कुछ खास बदलाव नहीं करने हैं बल्कि सिर्फ खुद की अच्छाइयों को बाहर लाना है।कौन-कौन सी हैं ये साधारण खूबियां, जिनके साथ आप जीत सकते हैं लड़कियों का दिल, जानते हैं-क्यों हैं इन खूबियों की जरूरत-

हेल्थी रिलेशनशिप के लिए इन खूबियों की जरूरत होती है। इन खूबियों के बिना रिश्ते बन भले ही जाए लेकिन टिक नहीं पाएंगे। कह सकते हैं ये कुछ खूबियां लव रिलेशनशिप की जान हैं। इसलिए इन खूबियों की जरूरत रिश्ते को होती ही है।

### आप अंडरस्टेंडिंग हैं-

आज की महिलाएं पढ़ लिख कार अपनी अलग शख्सियत बना लेती हैं। पहले ऐसा सिर्फ पुरुषों के साथ होता था और महिलाएं पुरुषों की शख्सियत को समझदारी के साथ डील करती थीं। फिर जिंदगी आसानी से कटती थी।



लेकिन अब यही काम महिलाओं के साथ होता है तो पुरुषों को भी अंडरस्टेंडिंग बनना होगा। अंडरस्टेंडिंग बन जाने से भी काम नहीं चलेगा, आपको अपने व्यवहार में ये दिखाना भी होगा।

### शौक और हुनर के बारे में करें बात-

पहले का समय ऐसा था जब महिलाओं के घर के कामों के आधार पर आंका जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब महिलाएं भी पुरुषों की तरह खुद को प्रोफेशनली डेवलप करती हैं। ऐसे में उनसे सिर्फ घर के कामकाज से जुड़ी बातें करना सही नहीं है। आप उनके हुनर और शौक की बातें कीजिए। उन्हें विश्वास होगा कि आपको उनकी मेहनत और कुछ बन जाने पर गर्व है।

### उनकी बात सुननी होगी-

डेट पर मिल रहे हैं तो ये बिल्कुल भी जरूरी नहीं है कि आप सिर्फ अपनी खासियतें ही बताते रहें और इम्प्रेस करने की कोशिश में ही लगे रहें।

इस वक्त आपको उनकी बातें भी सुननी होंगी। उनको लगे कि आप उनकी बातें सुनते हैं, सिर्फ अपनी ही नहीं कहते रहते हैं।

### आप खुशमिजाज हैं

आप खुशमिजाज हैं न कि निगेटिव पर्सनालिटी वाले शख्स। ये बात आपको उन्हें दिखानी होगी। ताकि उन्हें आपके साथ खुशियां महसूस हों न कि आप उन्हें कठिन शख्स लगे। खुद की सॉफ्ट साइड दिखाइए और उनको खुश होते देखिए।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### पोप ने बताई अपनी पसंद की फिल्म, क्लासिक का दर्जा हासिल है इन्हें




पोप लियो पंद्रहवें ने एक नए इंटरव्यू में अपनी ऑल टाइम फेवरेट चार फिल्मों का खुलासा किया है। इसके बाद से ही इन क्लासिक फिल्मों को लेकर चर्चा बढ़ गई है। आपनी जानिए ये कौन सी फिल्में हैं और आपने इनमें से कौन सी नहीं देखी है।

रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख, पोप लियो जो कुछ भी कहते हैं, जाहिर तौर पर उसकी दुनियाभर में चर्चा शुरू हो जाती है। दुनिया को शांति और धर्म का संदेश देने वाले पोप ने अब एक इंटरव्यू में अपनी सबसे फेवरेट फिल्मों का जिक्र किया है। इसके बाद से ही इन चारों फिल्मों में हर किसी की दिलचस्पी बढ़ गई है। पोप ने जिस पहली फेवरेट फिल्म का नाम लिया, सबसे बेहतरीन क्रिसमस फिल्मों में से एक मानी जाती है। साल 1998 में, अमेरिकन फिल्म इंस्टीट्यूट ने 'इट्स ए वंडरफुल लाइफ' को अमेरिका की सबसे महान फिल्मों में 11वें नंबर पर रखा था। पोप की फेवरेट लिस्ट में दूसरी फिल्म जूली एंड्रयूज स्टारर म्यूजिकल ड्रामा 'द साउंड ऑफ म्यूजिक' 1965 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने 5 ऑस्कर अवॉर्ड जीते थे। तीसरी फेवरेट फिल्म के तौर पर पोप ने 1980 में रिलीज 'ऑर्डिनरी पीपल' का नाम लिया। यह एक फैमिली ड्रामा है, जो एक अमीर अमेरिकी परिवार के दुख और उससे उबरने की कहानी है।

## टॉलीवुड

### '45' देखने के बाद यूजर्स ने दिया रिएक्शन, कही ये बात



क्रिसमस के मौके पर साउथ की फिल्म '45' रिलीज हुई। रिलीज से पहले इस फैंटसी एक्शन फिल्म की चर्चा थी। रिलीज के बाद कई दर्शकों ने फिल्म को देखा है। उन्होंने इसके बारे में सोशल मीडिया पर अपनी राय रखी है। कुछ लोगों को कलाकारों का अभिनय पसंद आया है, तो वहीं कुछ लोगों को इसका वीएफएक्स कमजोर लगा है।

एक एक्स यूजर ने फिल्म '45' के म्यूजिक और वीएफएक्स को कमजोर बताया है। उन्होंने लिखा है 'यह फिल्म अच्छी हो सकती थी! शिवन्ना, उप्पी और राज को देखना अच्छा अनुभव था। हालांकि अर्जुन जन्य ने इसे खराब कर दिया। न सिर्फ निर्देशन, बल्कि म्यूजिक भी अच्छा नहीं था। वीएफएक्स अच्छे नहीं थे। एक और यूजर ने कहा कि फिल्म का वीएफएक्स और अच्छा हो सकता था।

फिल्म '45' को एक यूजर ने औसत से बेहतर बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा 'एक अच्छा मौका खराब हो गया। जो फिल्म अच्छी बन सकती थी, वह कहानी बताने के तरीके की वजह से एक एवरेज फिल्म बनकर रह गई। 'डेविल' ने निराश किया, '45' एवरेज से ऊपर थी, 'मार्क' के बारे में कल पता चलेगा।'एक और यूजर ने फिल्म को खराब बताया है।

एक एक्स यूजर ने फिल्म को अच्छा बताया है। उन्होंने लिखा है 'कुल मिलाकर फिल्म अच्छी है। अगर क्लाइमेक्स को अच्छी तरह से बनाया जाता तो और बेहतर होती। फिर भी शिवन्ना के फैंस के लिए यह एक तोहफा है।'

एक और यूजर ने फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है 'फिल्म का विचार और क्लाइमेक्स अच्छा है। गाने और डायलॉग अच्छे हैं। शिवन्ना ने अपने अभिनय के साथ न्याय किया है। आखिर में वीएफएक्स अच्छे नहीं थे।

## भोजपुरी

### 'परिणय सूत्र' की शूटिंग जारी पर्दे पर लौटेगा 70 का दशक



मंजुल ठाकुर के निर्देशन में फिल्म 'परिणय सूत्र' की शूटिंग प्रतापगढ में जोर शोर से चल रही है। संदीप सिंह, मंजुल ठाकुर द्वारा निर्मित व अरविंद तिवारी द्वारा लिखित इस फिल्म के एसोसिएट डायरेक्टर पार्थ मिश्रा है। फिल्म के निर्देशक मंजुल ठाकुर ने बताया कि यह सन 1970 के दशक की फिल्म बन रही है। उस समय होने वाले रहन सहन, खान पान व अन्य सभी प्रकार की छोटी से छोटी चीजों को शूट के समय बहुत ही बारीकी से व सोच समझकर ध्यान देना पड़ रहा है। यह एक शुद्ध पारिवारिक फिल्म है। इस फिल्म को दर्शकों को देखने में एक अलग ही आनंद आयेगा इसके साथ ही आज के दौर के लोगों को उस समय के कल्चर व परिवेष व संस्कृति को जानने का अवसर प्रदान होगा। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि यह एक ऐतिहासिक फिल्म साबित होगी। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मंजुल ठाकुर ने कहा कि आज के दौर की फिल्म बनाना उतना कठिन नही है जितना सन 70 के दशक की फिल्म बनाना कठिन है क्योंकि आज समय बदल गया है और उस समय का परिवेश और रहन सहन,खान पान के साथ ही उस समय की सभी चीजों में बहुत बदलाव आ गया है। इसलिए शूटिंग के लिए उस समय की सभी चीजों को एकत्रित करने में बहुत ही कठिनाई हुई। खासतौर से उस समय के बने हुए मकान को ढूंढने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। उस समय बैलगाडी, एक्का, व सायकल का चलन था।

## लाइफ स्टाइल



### एआई का दखल

फैशन एस्थेटिक्स को 2030 तक एआई-ड्रिवन पर्सनलाइज़ेशन, सस्टेनेबल मटेरियल, माइक्रो-ट्रेंड और कल्चरली अवेयर स्टाइल से पहचाना जाएगा। ग्लांस जैसे प्लेटफॉर्म रियल-टाइम, एआई-आधारित विकल्प देते हैं जो आपकी निजी पसंद और दुनिया भर के ट्रेंड्स का अनुमान लगाते हैं। भविष्य में आप फैशन पर एआई को पूरी तरह हावी होते देख पाएंगे।

# लंबा शर्ट पहनना हो तो अपनाएं यह तरीका

बॉलीवुड एक्टर्स के फैशन ट्रेंड आज से नहीं लंबे समय से हमें इंस्पायर करते आ रहे हैं। इसलिए, जब बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन 70 के दशक में एक बार लंबी शर्ट को अलग तरीके से पहने दिखे, तो फैंस ने उस लुक को अपना लिया।

### लंबे शर्ट की लेयरिंग

कैजुअल लुक के लिए लंबे शर्ट की लेयरिंग सही हो सकती है। अगर आप लंबी शर्ट को पहनकर फैशनेबल दिखना चाहते हैं तो लेयरिंग करें। लंबे शर्ट की लेयरिंग करना सही होगा। हालांकि आज के दौर में लड़के इस तरह के लुक को अपनाते हैं। मगर कई बार हम देखते हैं कि कई लड़के शॉर्ट शर्ट के साथ लेयरिंग करते हैं। इस कारण उनका लुक उतना परफेक्ट नहीं दिखता है। इसलिए कभी भी टी-शर्ट के साथ शर्ट की लेयरिंग करने के लिए लंबाई का ध्यान रखें। मगर कभी भी लेयरिंग के लिए फॉर्मल शर्ट न चुनें। हमेशा कैजुअल शर्ट या डेनिम शर्ट की लेयरिंग करें।

### लंबी शर्ट को टक इन करें

कई बार हम शर्ट को कलर और प्राइज देखकर पसंद करने के बाद खरीद लेते हैं। लेकिन जब शर्ट को पहनते हैं तो वह नीचे से लंबी होती है। इस तरह का अनुभव अधिकतर लड़के करते हैं। मगर उस वक्त शर्ट की रिप्लेसमेंट या नई शर्ट खरीदना सबके लिए संभव नहीं हो पाता है। अगर आपके सामने ऐसी परिस्थिति हो तो एक विकल्प है। आप लंबी शर्ट को टक इन कर के पहन सकते हैं। आप अपनी कैजुअल और फॉर्मल दोनों शर्ट को टक इन कर के पहन सकते हैं। इस तरह से शर्ट



को पहनने से भी सही लुक मिल जाता है।

### लॉन्ग/ ओवरसाइज्ड शर्ट फैशन ट्रेंड

लंबी शर्ट्स को पहनना भी एक टाइप का फैशन ही है। इसलिए कुछ फैशन ब्रांड्स लॉन्ग शर्ट बनाते हैं। आप किसी फैशन स्टोर या शॉपिंग मॉल या शॉपिंग वेबसाइट्स से इस तरह की शर्ट खरीद सकते हैं। ऐसे शर्ट्स को जींस या चिनोज के साथ बिना टक इन किए भी पहन सकते हैं। इस तरह का कैजुअल लुक भी काफी अच्छा लगता है।

### शर्ट को करें आधा टक इन

हां, यह भी एक प्रकार का ओल्ड फैशन ट्रेंड है। इस तरह से हमने कई बॉलीवुड स्टार को शर्ट पहनते देखा है। आप अपनी लंबी शर्ट को आगे की ओर से टक इन करें और पीछे की ओर से खुला छोड़ दें। इस तरह से आप अपनी लंबी शर्ट को पहन सकते हैं।

# इस मौसम में सिल्क की साड़ी पहनकर दिखाइए जलवा





साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे भारतीय महिलाएं बेहद मन से पहनती हैं। अगर कहीं किसी कार्यक्रम में जाने के लिए ये समझ नहीं आता कि क्या पहनें तो साड़ी एक बेहतर विकल्प लगता है। चाहे ऑफिस की पार्टी हो, या फिर कोई शादी-विवाह अटैंड करना हो, साड़ी पहनकर महिलाएं हर जगह अपना जलवा दिखा सकती हैं।

अगर बात करें इस साल के फैशन ट्रेंड की, तो भले ही समय के साथ फैशन बदलता रहता है, लेकिन साड़ियों के प्रति महिलाओं का प्यार कभी कम नहीं होता है।

खास तौर पर अगर बात की जाए सिल्क की साड़ी की, तो उसका फैशन तो सदियों से चलता चला आ रहा है। इस साल बॉलीवुड की हसीनाओं ने बड़े इवेंट्स में भी सिल्क की साड़ी पहनकर जलवा दिखाया। इस लेख में हम आपको सिल्क की साड़ी का ही लेटेस्ट कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं, ताकि आप भी उनके कलेक्शन से टिप्स लेकर सिल्क की साड़ी खरीद सकें।

**रेखा:** हर कार्यक्रम में अभिनेत्री रेखा सिल्क या कांजीवरम साड़ी पहनकर पहुंचती हैं। साल की शुरुआत में ही उन्होंने एक इवेंट में हरे रंग की बेहद ही खूबसूरत सिल्क की साड़ी कैरी की थी। इस लुक में वो बेहद खूबसूरत दिख रहीं थीं।

**शिल्पा शेट्टी :** अपने ग्लैमर की वजह से शिल्पा शेट्टी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। इस पीले रंग की साड़ी के साथ उन्होंने बैकलेस ब्लाउज पहना है। इस साल उन्होंने कई जगहों पर सिल्क की साड़ी पहनकर अपना जलवा दिखाया।

# बालों में हेयर स्ट्रेटनर यूज करने से पहले ये बातें जानना है बेहद जरूरी



बालों को हेल्दी रखने के लिए हम अलग-अलग तरीके हेयर स्टाइल को बनाते हैं। जिसे बनाने के लिए हम ज्यादातर स्ट्रेटनिंग मशीन का इस्तेमाल करते हैं, ताकि जब हम हेयर स्टाइल बनाएं तो उसमें किसी तरह की कोई दिक्कत न आए।

लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये आपके बालों को पूरी तरह से डैमेज कर देती है। ऐसा इसलिए क्योंकि हम कई बार इसे इस्तेमाल करते समय कई सारी गलतियां कर देते हैं। जिसका असर हमारे बालों पर भी देखने को मिलता है। इसके लिए जरूरी है कि आप एक्सपर्ट की बताई गई बातों को जरूर जानें। अगर आपका गीले बालों में स्टेनर का इस्तेमाल करते हैं तो अब ऐसी गलती बिल्कुल भी न करें। इससे बाल और ज्यादा डैमेज हो जाएंगे।

इसकी वजह से बाल ड्राई होने शुरू हो जाएंगे। साथ ही कुछ समय बाद दो मुंहे बाल होने लगेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपके स्कैल्प भी कमजोर हो जाएंगे। इसलिए कोशिश करें कि ऐसी गलती न करें।अगर आपको लगता है कि मशीन के ज्यादा गर्म होने से बाल आसानी से स्ट्रेट हो जाएंगे, तो ऐसा बिल्कुल (बालों की खूबसूरती के लिए टिप्स) भी नहीं है।

इस बात का ध्यान रखें कि इससे आपके बाल फ्रिजी नजर आएंगे। इसलिए कोशिश करें कि टेम्प्रेचर को कंट्रोल करें ताकि बाल डैमेज न हो। बालों में स्ट्रेटनिंग मशीन का इस्तेमाल ज्यादा न करें वरना बाल खराब हो जाएंगे। अगर आपने बालों में कंडीशनर का इस्तेमाल किया है तो उसके बाद बिल्कुल भी इसका इस्तेमाल (बालों को हेल्दी रखने के टिप्स) न करें वरना स्कैल्प में दिक्कत हो जाएगी।

# सर्दियों में जैकेटों से सजाएं अपनी अलमारी

दिसंबर का महीना खत्म होते-होते सर्दी भी बढ़ने लगी है। बढ़ती ठंड से हर कोई परेशान है। सर्दी के मौसम में लोग तमाम तरह के हैवी-हैवी कपड़े पहनकर घूमते हैं, ताकि उनकी मदद से उन्हें सर्दी कम लगे।

जिस तरह से गर्मी के मौसम में लोग तरह-तरह के कपड़े पहनकर स्टाइल दिखाते हैं, ठीक उसी तरह से सर्दियों में भी स्टाइल दिखाना बेहद जरूरी हो जाता है। खासतौर पर अगर बात की जाए जैकेटों की तो ज्यादातर लोगों को ये पता ही नहीं होता है कि जैकेट कितने तरह की होती हैं।

ऐसे में आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही जैकेटों के बारे में बताएंगे, जिनको कैरी करके आप सर्दी के मौसम में भी स्टाइल दिखा सकते हैं। जिन जैकेटों के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, वो लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए परफेक्ट हैं। इस तरह की जैकेट हर किसी के पास होनी ही चाहिए।

**बॉम्बर जैकेट:** अगर आपको डैपर लुक पसंद है तो इस तरह की बॉम्बर जैकेट आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। इस तरह की जैकेट टीशर्ट के साथ काफी ज्यादा क्लासी दिखती है। अगर आप इस जैकेट के साथ कूल दिखना चाहते हैं तो कैप पहन सकते हैं।

**ट्रकर जैकेट:** इसे डेनिम जैकेट भी कहते हैं। हर लड़के और लड़की के पास ट्रकर जैकेट होना बेहद जरूरी होता है। इसे हर तरह की टीशर्ट के साथ कैरी किया जा सकता



है। ऐसे में आप इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं।

**पारका जैकेट:** जिन जगहों पर ज्यादा सर्दी होती है, उनके लिए ये जैकेट काफी सही विकल्प होता है। ऐसे में आप भी इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं। इस तरह की जैकेट काफी लंबी होती है, इसके साथ ही इसकी टोपी में फर लगी होती है।

**ब्लोजन जैकेट:** वैसे तो ये जैकेट बॉम्बर जैकेट की ही तरह होती है, लेकिन ये काफी ढीली होती है। ऐसे में ये पहनना काफी आरामदायक होती है। ऐसे में आप भी इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं।

**बाइकर जैकेट:** इस तरह की जैकेट लेदर से बनी होती हैं। ये ना सिर्फ ठंड से बचाती हैं, बल्कि इसे पहनकर स्टाइल भी काफी अलग दिखता है। स्टाइलिश दिखने के लिए इसे आप सफेद टी-शर्ट, काली जींस, ऊंचे जूते पहन सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

### नए साल के आगमन तक रहेगा पार्टी का माहौल

# पार्टी में वॉव लुक के लिए स्टाइल करें खूबसूरत ड्रेस, होगी जमकर तारीफ

क्रिसमस का जश्न दुनिया भर में चल रहा है और यह जश्न सिर्फ एक दिन का नहीं बल्कि नए साल के आगमन तक चलेगा। ऐसे में पार्टी लुक के लिए आप भी कुछ अलग तरह के आउटफिट्स को स्टाइल कर सकती हैं। इससे आप सुंदर नजर आएंगी। साथ ही, सबसे अलग दिखाई देंगी। जब आउटफिट की बात आती है, तो हम हमेशा कुछ अलग तरह के आउटफिट को स्टाइल करने के बारे में सोचते हैं। इसका आइडिया हम एक्ट्रेस के आउटफिट्स से भी लेते हैं। लेकिन अगर आपको फिर भी कुछ समय नहीं आ रहा है, तो ऐसे में आप आर्टिकल में दिखाए गए आउटफिट्स को स्टाइल कर सकते हैं। इस तरह की आउटफिट्स पहनने क बाद अच्छी लगेंगी। साथ ही, इससे लुक भी सुंदर नजर आएगा।

### बॉडीकॉन ड्रेस करें स्टाइल

आप पार्टी में सुंदर दिखने के लिए बॉडीकॉन ड्रेस के अलग-अलग ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे डिजाइन और ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। साथ ही, इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर



आएगा। इसमें आप बो डिजाइन, या प्रिंटेड ड्रेस को भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस आपको मार्केट में भी आसानी से मिल जाएगी। साथ ही, इससे लुक भी अट्रैक्टिव लगेगा।

### क्रेप मिडी ड्रेस करें स्टाइल

सुंदर दिखने के लिए आप पार्टी में क्रेप मिडी ड्रेस को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह की ड्रेस में आपको पूरा रेड कलर या व्हाइट और रेड कलर का कॉम्बिनेशन भी मिलेगा। इससे आपका ड्रेस लुक और भी ज्यादा अट्रैक्टिव लगेगा। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको 1,000 से 1,200 रुपये में मिल जाएगी।

### फ्लेयर्ड वाली मैक्सी ड्रेस

आप कुछ अलग ट्राई करने के लिए फ्लेयर्ड वाली मैक्सी ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस पहनने के बाद अच्छी लगती है। साथ ही, पार्टी के लिए बेस्ट ऑप्शन होती है। इसे पहनने के बाद आपका लुक भी सुंदर नजर आता है। इसमें आपको कलर भी अलग-अलग मिल जाते हैं। इस तरह की ड्रेस के साथ एक्सेसरीज स्टाइल कर सकती हैं। इस बार स्टाइल करें ये पार्टी ड्रेस। इस तरह की ड्रेस क्रिसमस पार्टी में अच्छी लगेगी। साथ ही, आपका लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह की ड्रेस आपको मार्केट में भी मिल जाएगी। जिसे आप अलग-अलग डिजाइन वाली ज्वेलरी के साथ वियर कर सकती हैं। इसके साथ आप अलग तरह का मेकअप भी क्रिएट कर पाएंगी।

